शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 194 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शुक्रवार 09 अगस्त 2024 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## बिहार में घुसने के लिए बॉर्डर पर पहुंचे बांग्लादेशी, बीएसएफ अलर्ट

**किशनगंज**

**बांग्लादेश** में हुए उपद्रव के बाद भारत सरकार और बिहार पुलिस मुख्यालय ने भारत बांग्लादेश सीमा पर अलर्ट घोषित कर दिया है, ताकि सीमा पार से कोई उपद्रवी घुसपैठ न कर सके। लेकिन मौजूदा स्थिति में किशनगंज से सटे बंगाल के इस्लामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बांग्लादेश की सीमा पर सैकड़ो बांग्लादेशी नागरिक पहुंचकर भारत से शरण मांग रहे हैं। बांग्लादेशी नागरिकों के बॉर्डर पर जमा होने की सूचना मिलते ही बीएसएफ कमांडेंट अजय शुक्ला, इस्लामपुर थाने के एसपी जेबी थॉमस अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और हालत का जायजा लिया। उन्होंने बीएसफ के सहयोग से सभी नागरिकों को वापस उनके गांव भेज दिया है।

**जान बचाने के लिए बॉर्डर पर पहुंचे बांग्लादेशी**

बीते कई दिनों से बांग्लादेश में हिंसा का माहौल था। उपद्रव और हिंसा के भय से बड़े पैमाने पर बांग्लादेशी हिन्दू देश छोड़ने की कोशिशों में लगे हुए है, ताकि उनके जान-माल की रक्षा हो सके। उनका कहना है कि उपद्रवी मुख्यरूप से हिन्दू परिवार पर ही हमला कर रहे हैं। इसलिए अपनी जान बचाने के लिए बॉर्डर पर बिहार के रास्ते भारत में प्रवेश करने की मांग कर रहे हैं। इस क्रम में सीमा सुरक्षा बल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि नॉर्थ बंगाल फ्रंटियर के अधीनस्थ दो बीओपी पर घुसपैठ करने की कोशिश की गई, जहां अधिकारियो और जवानों द्वारा समझा-बुझा कर सभी को वापस भेज दिया गया है।

## चीते भारत लाने के लिए केन्या के साथ नहीं किए समझौते

**नई दिल्ली**

चीतों को भारत लाने के लिए केन्या के साथ किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं। सरकार ने गुरुवार को संसद में यह जानकारी दी। एक सवाल के जवाब में केंद्रीय पर्यावरण राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने राज्यसभा को बताया कि भारत में चीतों के आने के बाद मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में उनके 17 शावकों का जन्म हुआ है। उन्होंने कहा, चीतों को भारत लाने के लिए केन्या सरकार के साथ किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं। आठ चीतों का पहला बैच सितंबर 2022 में भारत आया था और 12 चीतों का दूसरा बैच पिछले साल फरवरी में दक्षिण अफ्रीका से लाया गया था। सूत्रों के मुताबिक, सरकार अब उनके प्रजनन पर ध्यान देने के लिए योजना बना रही है।

# भारतीय हॉकी टीम ने लगातार दूसरा ओलिंपिक ब्रॉन्ज मेडल जीता

## स्पेन को 2-1 से हराया, दोनों गोल कप्तान हरमनप्रीत के, गोलकीपर श्रीजेश जीत के साथ रिटायर





**नई दिल्ली/पेरिस**

**भारतीय** पुरुष हॉकी टीम ने गुरुवार को स्पेन को हराकर पेरिस ओलंपिक-2024 में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम कर लिया। तीसरे स्थान के लिए हुए मैच में भारत ने -- से जीत हासिल की। टोक्यो ओलंपिक-2020 में भी भारत ने ब्रॉन्ज मेडल जीता था। भारत ने लगातार दूसरी बार ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया है। ये भारत का ओलंपिक खेलों में चौथा ब्रॉन्ज मेडल है। भारतीय टीम की कोशिश इस मैच को जीत अपना ब्रॉन्ज मेडल बनाए रखने और अपने स्टार गोलकीपर पीआर श्रीजेश को ओलंपिक मेडल के साथ विदाई देने की थी। टीम इंडिया ने शुरूआत में ही अटैक किया। छठे मिनट में जरमनप्रीत ने स्पेन की डी में एंट्री ली और एक मौका बनाया। जरमन अपने आप को अंजाम तक नहीं पहुंचा सके। भारत ने इससे पहले 1968, 1972 और 2020 में ब्रॉन्ज मेडल जीता था।

**दोनों ही टीमों ने किया अटैक**

पहले क्वार्टर में दोनों ही टीमों ने अटैक करने की रणनीति अपनाई जिसके चलते डिफेंस की भूमिका अहम हो गई। इस मैच में टीम इंडिया के पास अमित रोहिदास थे। उनकी कमी टीम इंडिया को सेमीफाइनल में काफी खली थी। इस बार अमित ने मजबूत काम किया और पहले क्वार्टर में डिफेंस को मजबूत बनाए रखा। पहले क्वार्टर में दोनों ही टीमें गोल नहीं कर सकीं।

**स्पेन ने खोला खाता**

दूसरे क्वार्टर में भी दोनों टीमों की अटैकिंग एप्रोच में अंतर नहीं आया। स्पेन को यहां सफलता मिली। 17वें मिनट में स्पेन ने भारत के घेरे में एंट्री मारी और पेनल्टी स्ट्रोक हासिल कर लिया। 18वें मिनट में मार्क मिरालेस ने उसे गोल में बदल स्पेन को 1-0 से आगे कर दिया। मार्क के स्ट्रोक पर श्रीजेश कुछ नहीं कर पाए। 20वें मिनट में स्पेन को पेनल्टी कॉर्नर मिला जो गोल में तब्दील नहीं हो सका। तुरंत ही स्पेन के हिस्से एक और पेनल्टी कॉर्नर और इस बार भी स्पेन को सफलता नहीं मिली। स्पेन गोल करने के बाद और ज्यादा आक्रामक हो गई थी। लगातार टीम इंडिया के घेरे में उसने जगह बनाई। 24वें मिनट में स्पेन ने दूसरा गोल लगभग कर ही दिया होता, लेकिन एक बार फिर श्रीजेश ने बचा लिया। इस क्वार्टर के आखिरी दो मिनट में स्पेन ने फिर श्रीजेश की परीक्षा ली जिसमें वह सफल रहे और दो मौकों पर स्पेन को निराश कर दिया। भारत ने तुरंत काउंटर किया और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। हालांकि, गोल नहीं हो सका। आखिरी मिनट में भारत को फिर पेनल्टी कॉर्नर मिला और हरमनप्रीत ने बराबरी का गोल दाग दिया।

**तीसरे क्वार्टर में भारत को बढ़त**

भारत ने इस मैच में बढ़त लेने में ज्यादा देरी नहीं की। 33वें मिनट में भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला और इस बार फिर हरमनप्रीत ने गेंद को नेट में डाल दिया। भारत को 35वें मिनट में फिर पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन इस बार कप्तान गोल नहीं कर पाए।

## 'ये मेडल खास है', हॉकी में ब्रॉन्ज जीतने पर पीएम मोदी ने दी टीम को बधाई



**नई दिल्ली**

**भारतीय** पुरुष हॉकी टीम ने गुरुवार को स्पेन को मात देकर पेरिस ओलंपिक में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम कर लिया है। टीम की इस जीत पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी है। मोदी ने कहा है कि टीम इंडिया की इस जीत का जश्न आने वाली पीढ़ियों तक मनाया जाएगा।

भारत ने स्पेन को रोमांचक मुकाबले में 2-1 से मात देकर मेडल अपने नाम किया। भारतीय हॉकी टीम का ये ओलंपिक खेलों

## स्पेन के सामने चट्टान की तरह खड़े रहे श्रीजेश, पांच गोल बचाए




**भारतीय** हॉकी टीम के दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कह दिया है। पेरिस ओलंपिक में स्पेन के खिलाफ भारत के कांस्य पदक जीतते ही श्रीजेश का सफर समाप्त हो गया। इसके बाद श्रीजेश भावुक होकर मैदान पर ही लेट गए। बाकी खिलाड़ी दौड़ते हुए उनके पास पहुंचे और जश्न में उनकी पीठ थपथपाने लगे। फिर जैसे ही श्रीजेश खड़े हुए, सभी भारतीय खिलाड़ियों ने उन्हें स्टैंडिंग ओवेशन दिया और उनके आगे नतमस्तक हो गए। जीत के बाद श्रीजेश ने कहा कि फाइनल से पहले कोच ने कहा था कि यह श्रीजेश का आखिरी मैच है और वह मैदान पर भी वैसा ही जुनून और जज्बा दिखाएगा।

इस दिग्गज गोलकीपर ने उम्मीदों पर खरा उतरते हुए स्पेन के छह में से पांच अटैक रोके। 36 साल के श्रीजेश का यह चौथा ओलंपिक था और उन्होंने इसका शानदार अंत किया। वह लगातार दो बार ओलंपिक पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम का हिस्सा रहे। उनकी कप्तानी में भारत ने 2016 रियो ओलंपिक में हिस्सा लिया था और टीम आठवें स्थान पर रही थी। हालांकि, उन्होंने 2020 टोक्यो ओलंपिक और अब पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम के साथ ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता है।

## बांग्लादेश के लोगों का हित हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता: भारतीय विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली**

**बांग्लादेश** में जारी हिंसा के बीच भारतीय विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेशी नागरिकों के हितों की रक्षा को लेकर प्रतिबद्धता जताई है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि जहां तक भारत का सवाल है, बांग्लादेश के नागरिकों के हित हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता रखते हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम बांग्लादेश में कानून और व्यवस्था की पुनः स्थापना की उम्मीद रखते हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार बांग्लादेश में हिंसा से जुड़ी खबरें अभी भी सामने आ रही हैं।

**बांग्लादेश सरकार से चल रही है बात**



बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमले को लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, ह्यविदेश मंत्री ने इस पर स्वतः संज्ञान लिया है। हम बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की स्थिति की जानकारी ले रहे हैं।

हमें यह भी सूचना मिली है कि बांग्लादेश में कुछ समुदायों के द्वारा अल्पसंख्यकों की मदद की जा रही है। हम इन कदमों का स्वागत करते हैं लेकिन, हमारा जोर इस बात पर भी है कि बांग्लादेश में कानून और व्यवस्था को पुनः स्थापित किया जाए। हम यह स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि यह सरकार की जिम्मेदारी है कि सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। यह दोनों देशों के हितों की रक्षा के लिए बेहद जरूरी है।

## राज्यसभा: नारेबाजी से नाराज सभापति जगदीप धनखड़ कुर्सी छोड़कर उठे

### 'मैं अपने आपको यहां सक्षम नहीं पा रहा'

**नई दिल्ली**

**देश** के उपराष्ट्रपति और संसद के उच्च सदन के सभपति जगदीप धनखड़ नाराज होकर कुर्सी से उठकर चले गए। वे विपक्षी दलों के नेताओं की नारेबाजी से नाराज थे। उन्होंने कहा कि आज यहा जो हुआ, वह ठीक नहीं है। यहां मुझे नहीं, बल्कि सभापति के पद को चुनौती दी जा रही है। विपक्ष के नेता मेरे खिलाफ टिप्पणी कर रहा है। मेरा अपमान कर रहे हैं।




ऐसे में मैं इस कुर्सी पर बैठने के लिए खुद को सक्षम नहीं पा रहा हूं। इस बीच विपक्षी दलों ने सदन से वॉकआउट कर दिया। दरअसल, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे सदन में विनेश फोगाट के मुद्द को उठाना चाह रहे थे। इसकी अनुमति नहीं मिलने पर विपक्षी नेता नारेबाजी करने लगे।

इस पर ही सभापति नाराज हो गए। विपक्ष के हंगामे के बीच सभापति जगदीप धनखड़ ने नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को बोलने के लिए अनुमति दी। उन्होंने खरगे से पूछा आप क्या कहना चाहते हैं। इस पर खरगे ने कहा की हमने कल भी यह बात रखी थी। यह बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है। यह सिर्फ विनेश फोगाट से जुड़ा नहीं है। हम यह चर्चा करना चाहते हैं कि इसके पीछे आखिर कौन है विपक्ष की ओर से हंगामा शुरू हो गया। सभापति ने कहा कि कुछ भी रिकॉर्ड में नहीं जाएगा तो हंगामा तेज हो गया। इसी दौरान सभापति नाराज हो गए।

## नायब सरकार ने कच्चे कर्मचारियों के हित में लिया बड़ा ऐतिहासिक फैसला




**चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने आज अनुबंधित कर्मचारियों के हित में बड़ा ऐतिहासिक फैसला लेते हुए अनुबंधित कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी देने का फैसला किया है। इससे प्रदेशभर में लगभग 1 लाख 20 हजार अनुबंधित कर्मचारियों को बड़ा लाभ मिलेगा। सरकार का यह निर्णय आउटसोर्सिंग पॉलिसी पार्ट-1 और पार्ट-2 सहित एचकेआरएन के तहत कार्यरत अनुबंधित कर्मचारियों पर लागू होगा। इस संबंध में आज मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में अनुबंधित कर्मचारियों की सेवाओं को सेवानिवृत्ति की तिथि तक सुरक्षित रखने की गारंटी और उन्हें अधिक सुविधाएं देने के लिए अध्यादेश लाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। इस अध्यादेश के अनुसार, राज्य सरकार ने प्रदेश के विभिन्न विभागों सहित हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत कार्यरत सभी अनुबंधित कर्मचारियों की सेवाओं को सेवानिवृति की अवधि तक सुरक्षित करने का प्रावधान किया है। 15 अगस्त, 2024 तक जिन अनुबंधित कर्मचारियों को 5 वर्ष पूरे हो जाएंगे वे इस नीति के तहत पात्र होंगे। अनुबंधित कर्मचारियों को पे-स्केल का बेसिक वेतन प्रदान किया जाएगा।

साथ ही, महंगाई भत्ते (डीए) अलाउंस के अनुरूप नियमित कर्मचारी की तर्ज पर हर जनवरी और हर जुलाई की पहली तारीख को अनुबंधित कर्मचारियों के मानदेय में वृद्धि करने का भी प्रावधान किया है। अनुबंधित कर्मचारियों को 1 साल की सेवा के बाद सालाना वेतन वृद्धि देने का भी प्रावधान किया गया है। ऐसे सभी कर्मचारियों को डेथ-कम-रिटायरमेंट ग्रेच्युटी का लाभ भी मिलेगा। इतना ही नहीं, अनुबंधित कर्मचारी मेटरनिटी एक्ट के तहत मिलने वाले सभी लाभ के लिए भी पात्र होंगे।

## जयशंकर को ब्रिटिश विदेश मंत्री ने किया फोन, बांग्लादेश मुद्दे पर हुआ मंथन

**नई दिल्ली**

**भारत** के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को अपने ब्रिटिश समकक्ष डेविड लैमी के साथ फोन पर बातचीत के दौरान बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। एक्स पर एक पोस्ट में, एस. जयशंकर ने कहा कि उन्होंने और लैमी ने पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों पर भी विचार-विमर्श किया। बता दें कि ये फोन कॉल ब्रिटेन के विदेश सचिव डेविड लैमी की तरफ से की गई थी।

**बांग्लादेश और पश्चिम एशिया के हालात पर चर्चा**



सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने लिखा, आज ब्रिटेन के विदेश सचिव डेविडलैमी से फोन पर बात हुई। बांग्लादेश और पश्चिम एशिया के हालात पर चर्चा हुई। भारत के विदेश मंत्री और ब्रिटेन के विदेश सचिव के बीच इस बातचीत के दौरान बांग्लादेश की स्थिति और बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की लंदन में शरण लेने की प्रारंभिक योजना पर चर्चा की गई। हालांकि ब्रिटेन के शरण देने से हिचकिचाहट के बाद शेख हसीना की योजना को बड़ा झटका लगा है।

**हिंसक प्रदर्शन के बाद हसीना ने छोड़ा देश**

बता दें कि देश में आरक्षण को लेकर शुरू हुए छात्रों के आंदोलन के सरकार विरोधी प्रदर्शन में बदलने के बाद शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देते हुए देश छोड़ दिया था। जिसके बाद से वो भारत में अपनी बहन और अन्य सहयोगियों के साथ रह रही हैं। वहीं उनके लंदन जाने का भी योजना थी, हालांकि यह योजना सफल नहीं हो पाई, क्योंकि ब्रिटेन ने संकेत दिया कि शेख हसीना को अपने देश में हिंसक विरोध प्रदर्शनों की किसी भी संभावित जांच के खिलाफ कानूनी संरक्षण नहीं मिल सकता है।

## रिजर्व बैंक ने आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 7.2 फीसदी पर रखा यथावत

### सीपीआई पर आधारित खुदरा महंगाई दर 4.5 फीसदी पर रहने का अनुमान

**मुंबई/नई दिल्ली**

अर्थव्यस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर के पूवार्नुमान को 7.2 फीसदी पर बरकरार रखा है। साथ ही आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष में खुदरा महंगाई दर 4.5 फीसदी पर रहने के अनुमान को कायम रखा है। जून में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 5.08 फीसदी पर पहुंच गई थी। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को यहां वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की समीक्षा बैठक के फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि कृषि गतिविधियों में सुधार होने से ग्रामीण उपभोग की संभावनाएं उज्जवल होंगी।

# लोकसभा में अटका वक्फ संशोधन विधेयक

### अब जेपीसी को भेजा जाएगा; ओम बिरला विपक्ष के नेताओं से करेंगे बात

**नई दिल्ली**

अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री किरेन रिजिजू ने वक्फ अधिनियम संशोधन विधेयक 2024 गुरुवार को लोकसभा में पेश किया। मगर यह लोकसभा में ही अटक गया। अब विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजा जाएगा। विपक्षी दलों ने विधेयक पर आपत्ति दर्ज कराई। इसके बाद अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री किरेन रिजिजू ने इसे संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजने का प्रस्ताव रखा। केंद्र सरकार में सहयोगी चंद्रबाबू नायडू की पार्टी टीडीपी ने भी विधेयक को जेसीपी के पास भेजने की वकालत की।

**ओम बिरला करेंगे समिति का गठन**

एनडीए में शामिल जनता दल (यूनाइटेड) और तेलुगू देसम पार्टी (ळउद्ध) ने विधेयक का समर्थन किया। वहीं विपक्ष ने विधेयक को संविधान, संघवाद और अल्पसंख्यकों पर हमला है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सभी दलों के नेताओं से बात करके संयुक्त संसदीय समिति का गठन करेंगे।

**वेणुगोपाल बोले- यह संविधान पर हमला**

कांग्रेस सांसद के सी वेणुगोपाल ने कहा कि यह विधेयक संविधान पर हमला है। उन्होंने कहा कि विधेयक आस्था और धर्म के अधिकार पर हमला है। उनका तर्क है



कि विधेयक महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड विधानसभा चुनाव की वजह से लाया गया है।

**अखिलेश बोले- यह सोची समझी राजनीति**

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का कहना है कि भाजपा हताश और निराश कट्टर समर्थकों के खातिर यह विधेयक ला रही हैं। उनका कहना है कि यह सोची समझी राजनीति के तहत किया जा रहा है। सपा सांसद मोहिबुल्ला नदवी ने विधेयक के माध्यम से मुस्लिमों के साथ अन्याय होने की बात कही। नदवी का कहना है कि अगर यह कानून पारित हुआ तो अल्पसंख्यक खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करेंगे। कहीं ऐसा नहीं हो कि जनता दोबारा सड़कों पर आ जाए।

**रिजिजू ने कहा- संविधान का उल्लंघन नहीं**

विपक्ष के हर सवाल का अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि विधेयक में किसी धार्मिक स्वतंत्रता में हस्तक्षेप नहीं किया जा रहा है। न ही संविधान के किसी भी अनुच्छेद का उल्लंघन किया गया है।

उन्होंने कहा कि वक्फ अधिनियम में संशोधन पहली बार नहीं हो रहा है। 1954 में पहली बार वक्फ विधेयक लाया गया था। समय-समय पर कई संशोधन हुए हैं। रिजिजू ने कहा कि विचार-विमर्श के बाद ही विधेयक लाया गया है। इससे मुस्लिम महिलाओं और बच्चों का कल्याण होगा।

**विधेयक में क्या हैं प्रावधान**

विधेयक के मुताबिक वक्फ बोर्डों में मुस्लिम महिलाओं और गैर-मुस्लिमों को भी शामिल करने का प्रस्ताव है।

# घूरपुर पुलिस व एसओजी टीम ने लूट की घटना का किया खुलासा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज/घूरपुर।** बीते दिनों घूरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत घोघापुर रोड पर सराफा व्यवसाई के साथ 5 लाख लूट की घटना प्रकाश में आई थी करन सोनी पुत्र मुन्नू लाल सोनी निवासी-ग्राम-करमा के रहने वाला है करण सोनी 5 अगस्त की रात को अपने दुकान नैनी सब्जी मण्डी के निकट है दुकान बंद करके घर आ रहा था और पास एक बैग हरे रंग कि जिसमे 60 ग्राम सोना, 1 किलोग्राम चाँदी, 5000 रुपए नगद धनराशि और छोटा काँटा व एक डायरी थी नैनी से अपने घर की ओर आ रहा था कि रास्ते मे धोघापुर रोड पर कुछ अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा बैग छीन लिया गया, जिसकी सूचना घूरपुर चौकी पर दी गई, जिसमें घूरपुर पुलिस की सक्रियता के चलते 48 घंटे के अंदर 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लूट की घटना का खुलासा किया गया,सूरज पुत्र इन्द्रजीत निवासी कफटुआ थाना करछना जनपद प्रयागराज 2. समीर भारतीया उर्फ



छोटा पुत्र करन उर्फ छक्कन भारतीया निवासी ग्राम बरदहा थाना जनपद प्रयागराज 3.विशाल कुमार पुत्र राधेश्याम निवासी खटंगिया थाना घूरपुर जनपद प्रयागराज 4. अनूप भारतीया उर्फ लकी पुत्र भोला भारतीया निवासी तरौल करछना जनपद प्रयागराज को दिनांक 08.08.2024 को परेड ग्राउण्ड हवाई पट्टी मंच के पास ग्राम चौकठा थाना क्षेत्र घूरपुर से गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त के कब्जे से 06 जोडी पायल सफेद धातु, 41 जोडी बिछिया सफेद धातु, 03 नथिया पीली धातु, 01 काले मोतियों की माला (हाय का लाकेट लगा हुआ),'प्रयुक्त 02 मोटरसाइकिल क्रमशः 1. स्पेलेण्डर प्लस रजि0 सं0 वढ70ऋद्द7992 व स्पेलेण्डर प्लस रजि0 सं0 वढ70ऋद्द7461 तथा रुपये 5630/- नकद बरामद किया गया नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

**5 अगस्त को अभियुक्तों ने लूट की घटना को दिया था अंजाम :** करन सोनी पुत्र मुन्नूलाल सोनी निवासी करमा थाना घूरपुर प्रयागराज द्वारा दिनांक 05.08.2024 को सूचना दिया गया कि रात्रि 08.00 बजे नैनी स्थित अपनी ज्वैलर्स की दुकान बन्द कर बैग में सोने व चाँदी की ज्वैलरी व नगद पैसे लेकर मोटरसाइकिल से करमा अपने घर जा रहा था कि घोंघापुर थाना घूरपुर के पास बदमाशो ने मेरी बाइक को रोक कर मेरा बैग व मोबाइल छिन कर भाग गये। बरामदगी जो की गई उसमें 06 जोडी पायल सफेद धातु, 41 जोडी बिछिया सफेद धातु, 03 नथिया पीली धातु, एक काले मोतियों की माला (हार का लाकेट लगा हुआ, घटना मे प्रयुक्त 02 मोटरसाइकिल, तथा 5630/- नकद

**गिरफ्तारी/ बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में** नि. अमित कुमार थाना घूरपुर नि. विक्की गुप्ता थाना घूरपुर, उ.नि प्रहलाद पाल थाना घूरपुर,नि. गजेन्द्र सिंह थाना घूरपुर नि. वेदपाल सिंह थाना घूरपुर नि. प्रमोद कुमार यादव प्रभारी सर्विलांस सेल यमुनानगर कमिश्नरेट प्रयागराज का. आलोक कुमार थाना घूरपुर का. अमित कुमार थाना घूरपुर,का. सच्चिदानन्द थाना घूरपुर हे.का. फिरोज खाँ एसओजी यमुनानगर का. रंजीत यादव एसओजी यमुनानगर प्रयागराज। का. अनुराग यादव एसओजी यमुनानगर का. आकाशदीप सिंह एसओजी यमुनानगर का. सिद्धेश्वर पाण्डेय एसओजी यमुनानगर का. मनोज यादव एसओजी यमुनानगर का. यशवीर सिंह एसओजी यमुनानगर कमिश्नरेट प्रयागराज का. अजय सिंह सर्विलांस सेल यमुनानगर कमिश्नरेट प्रयागराज का. विजय सिंह सर्विलांस सेल।

घटना स्थल पर एक मोबाइल बरामद हुआ जिसके चलते सर्विलांस के माध्यम से अभियुक्तों को पकड़ा गया इस घटना में आठ लोग शामिल थे चार लोगों की गिरफ्तारी हो गई है शेष लोगों की गिरफ्तारी अभी बाकी है।

**डीसीपी यमुनानगर**
**विवेक चंद्र यादव**

## बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ बर्बरता पूर्ण अराजकता अक्षम्य : गुरसिंमरन सिंह मंड

**सहसों।** श्री निरंजनी अखाड़ा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गुरु सिमरन सिंह मंड (राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय खालिस्तानी विरोधी मोर्चा) ने कार्यकताओं एवं अन्य लोगों से एक मुलाकात के दौरान बांग्लादेश की हालत पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि भारत के हिंदू सही समय पर न जागे तो वह दिन दूर नहीं कि जब हिंदुस्तान को टुकड़े करने वाले गैंग अपने नकाब मंसूबों में कामयाब हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह किसी से छुपा नहीं है कि बांग्लादेश में जो हो रहा है वह पाकिस्तान क्रकके इशारे पर हो रहा है। बड़ी दुःख पूर्ण बांग्लादेश में हिंदू टारगेट हो रहे हैं हिंदुओं के घर जलाए जा रहे हैं। इस्कॉन मंदिर जलाई जा रही है हिंदू देवी देवताओं के मूर्ति तोड़ी जा रही है और तो और एक 70 वर्षीय महिला जो वहाँ की प्रधानमंत्री रही उसके व्यग्तिगत कपड़े को बेशर्मी की तरह प्रदर्शित किया जा रहा है। ऐसी बर्बरता पूर्ण कारनामा एवं शर्मिंदगी से भरे कृत्य असहनीय एवं अक्षम्य में है। उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद व सज्जन सिंह के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुये कहा कि यह बहुत ही निंदनीय और कायराना बयान बाजी है जो हमें साफ साफ देश को तोड़ने और आग में झोंकने की साजिश का इशारा कर रही है।



## गंगा कटान रोकने के नाम पर 12 करोड़ रुपये की परियोजना बेकार, दो गांवों का अस्तित्व खतरे में

**मांडा।** बरसात के दिनों जलस्तर बढ़ने से गंगा तटीय क्षेत्र की भूमि कट कर गंगा में समाहित होने पर सरकार ने कटान को रोकने के लिए बजट देकर जियो टेक्सटाइल ट्यूब कटर योजना द्वारा कटान रोकने के लिए विगत वर्ष में ही काम पूरा कर दिया गया,लेकिन कटान नहीं रोकी जा सकी। इसके पीछे मानक के अनुरूप काम का न होना बताया जा रहा है। कहा जा रहा है कि चौकठा नरवर, उमापुर कला में जिन स्थानों पर काम हुआ, वहां की गुणवत्ता खराब होने के कारण गंगा के जलस्तर में वृद्धि होने से फिर कटान शुरू हो गई है।12 करोड़ रुपये की लागत वाली जियो टेक्सटाइल ट्यूब कटर योजना गंगा की कटान रोकने में असफल साबित हुई है। तटवर्ती चौकठा नरवर, उमापुर कलां समेत कई गांवों की भूमि नदी में समाहित होने की कगार पर है। जिम्मेदारों की सुस्ती एवं लापरवाही से इस गांवों में कृषि भूमि लगातार कटान में विलिप्त होती जा रही है। बाढ़ प्रखंड के एसडीओ दिनेश त्रिपाठी ने इस मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है।

# टोंस नदी के उफान से बरसैता नाले में भरा पानी

**मेजा।** क्षेत्र की नदियों के उफान पर आने से वरसैता नाले में हुए जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है जिससे आवागमन हेतु लोगों की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। उल्लेखनीय है कि टौंस नदी के बढ़े जलस्तर से उक्त नाले से वाहनों की आवाजाही ठप हो गयी है। इसकी बड़ी वजह इस नाले पर निमार्णाधीन मिनी पुल है, जिसका निर्माण समय से नही हो पाया है,और लोग नाव के सहारे नाला पार कर गंतव्य को बढ़ रहे हैं। टौंस नदी के उफान से मेजारोड - कोहडार मार्ग के बरसैंता गांव के समीप स्थित नाला पानी में डूब गया है। जिसके कारण मेजारोड कोहडार मार्ग का संपर्क टूट गया है। लोग जान जोखिम में डालकर नाव द्वारा आवागमन करने को मजबूर हैं। क्षेत्रीय लोगों की वर्षों की मांग पर निवर्तमान सांसद रीता बहुगुणा जोशी द्वारा सरकार से मिनी पुल बनवाने की स्वीकृति कराई थी। उक्त नाले के उपर पुल का निर्माण का कार्य भी हो रहा है। इस निर्माण की धीमी गति पर

**मेजारोड-कोहड़ार मार्ग पर आवागमन हुआ ठप,स्थानीय प्रशासन बेखबर जान जोखिम में डालकर लोग नाव के सहारे कर रहे हैं आवागमन**



लोगों ने विरोध किया था। इस संबंध में स्थानीय प्रशासन की तरफ से अभी तक किसी भी प्रकार की सुविधा मुहैया नहीं कराई गई है। जिससे कि लोग आसानी से आवागमन कर सकें इसके पूर्व में भी लोग नावों के सहारे ही आवागमन करते रहे हैं।वर्तमान में समय में निर्माण का कार्य जहां ठप हो गया, वहीं लोगों का आवागमन भी पूरी तरह से बंद हो गया है। स्थानीय लोगों तहसील प्रशासन मेजा से अविलंब आवागमन की समस्या का समाधान किए जाने की मांग किया है।

# पीएचसी सहसों भवन जर्जर, छत का प्लास्टर गिरा, बाल बाल बचे कर्मचारी





**सहसों।** नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सहसों का भवन जर्जर होने से प्रभारी चिकित्सक कक्ष के छत का प्लास्टर गिरने से वहां काम कर रहे कर्मचारी बाल बाल बच गए। गनीमत तो यह रहा कि जर्जर छत का प्लास्टर ओपीडी के बाद गिरा अन्यथा मरीज व चिकित्सक घायल हो सकते थे। जानकारी के अनुसार गुरुवार को दोपहर बाद लगभग ढाई बजे बारिश शुरू हुई तो नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रभारी कक्ष एवं उसके बगल मरहम पट्टी कक्ष में वर्षा का पानी छत से टपकने लगा। जिससे प्रभारी कक्ष में छत का प्लास्टर अचानक गिर गया। जिससे मेज पर रखा शीशा टूट कर जमीन पर फैल गया। कर्मचारी खौफजदा होते हुए यह देखकर कमरे से बाहर निकल गए तथा तत्काल इसकी सूचना प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को दी। नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प का दो कमरे प्रभारी चिकित्सा अधिकारी कक्ष एवं मरहम पट्टी कक्ष जर्जर अवस्था में है। जिसमें चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य कर्मचारी अपना जान जोखिम में डालकर मरीजों की सेवा कर रहे हैं। गुरुवार को हुए हादसे से कर्मचारी दहशत में है। जन आरोग्य समिति के अध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह पटेल ने कहा घटना की जानकारी हुई है। इस संबंध में उच्च अधिकारियों से बात करते हुए शीघ्र मरम्मत कराया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। ताकि भविष्य में चिकित्सा अधिकारी एवं कर्मचारी के साथ मरीज भी सुरक्षित तथा भय मुक्त होकर अपना कार्य कर सके।

## न्यूज झरोखा

## जनता की समस्याओं का निस्तारण करने में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : आकांक्षा सिंह

**प्रत्येक लेखपाल हर सोमवार को अपने हल्के के पंचायत भवनों पर बैठ कर समस्याएं निस्तारित करेंगें**



**कोरांव।** फरियादियों की समस्या को लेकर उपजिलाधिकारी आकांक्षा सिंह ने सभी कानूनगो एवं लेखपालों के साथ एक बैठक आयोजित किया और सख्त हिदायत देते हुए कहा कि सभी हल्का लेखपाल अपने अपने हल्के के पंचायत भवन में प्रत्येक सोमवार को बैठ कर लोगों की समस्याओं का निस्तारण करें। उपजिलाधिकारी आकांक्षा सिंह ने यह भी निर्देश दिया कि शासनादेश का पालन करते हुए आईजीआरएस, मुख्यमंत्री पोर्टल, आयुक्त संदर्भ, जिलाधिकारी संदर्भ जैसे आदि पर फरियादियों द्वारा दिए गए शिकायतों का गुणवत्ता पूर्वक समयबद्ध तरीके से निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि कार्य में लापरवाही किसी भी तरह से क्षम्य नहीं होगी। जो लेखपाल और कानूनगो अपने कार्य में लापरवाही करते पाया जाएगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उपजिलाधिकारी ने बैठक के दौरान कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। जो सभी कर्मचारी मिलकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। बैठक में तहसीलदार राजेश पाल, नायब तहसीलदार बड़ोखर रणविजय सिंह कानूनगो, लेखपाल आदि मौजूद रहे।

## नागपंचमी पर पहाड़ी महादेव में जलाभिषेक के लिए निकला शिवभक्तों का जत्था



**मेजा।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नागपंचमी पर्व पर पहाड़ी महादेव मंदिर में जलाभिषेक के लिए शिवभक्त निकल पड़े हैं। खौर गांव के शिवभक्त नागपंचमी की पूर्व संध्या पर गुरुवार को मेजा के पकरी सेवार गंगा घाट पगला बाबा आश्रम से जल भरकर डीजे की धुन पर थिरकते हुए पहाड़ी महादेव के लिए निकल पड़ते हैं और नागपंचमी की सुबह शुक्रवार को मेजा के भटौती पहाड़ पर स्थित पहाड़ी महादेव मंदिर में जलाभिषेक करते हैं। जलाभिषेक के इस मौके पर रामसागर यादव, इन्द्रदेव यादव, श्रीकान्त यादव, पिंटू यादव, लक्ष्मीकांत प्रजापति, दयाराम आदिवासी, मूलचंद्र गुप्ता, मुंशीलाल कुशवाहा, शेरा यादव, सुशील जैसल, बजरंगी प्रजापति, तथा राय यादव के अलावा सैकड़ों शिवभक्त शामिल रहे।

## भव्य विराट दंगल का आयोजन आज

**मांडा।** मांडा खास स्थित रानी तालाब पर हर वर्ष की भांति इस बार भी नागपंचमी पर विराट दंगल का आयोजन किया गया है। जिसमे बनारस, झूँसी, कछ्वा, मुगलसराय,मिजार्पुर, चन्दौली, जौनपुर आदि प्रमुख स्थानों के बड़े बड़े पहलवान भाग लेंगे।उक्त बातें मांडा विकास परिषद के अध्यक्ष महेंद्र प्रजापति ने एक बैठक में कही। उन्होंने बताया कि इस भव्य विराट दंगल में दूर दराज से आने वाले पहलवान अपने कला बाजी से दर्शकों के बीच दांवपेच दिखाएंगे जिसमे विजेता पहलवानों को भारी भरकम राशि देकर सम्मानित किया जाएगा।

## जीवन दीप हॉस्पिटल रामपुर करछना में डाक्टर ने निकाली 7 सेंटीमीटर की पथरी



**करछना।** जीवन दीप हॉस्पिटल रामपुर में डॉक्टर रजनीकांत कुशवाहा एमबीबीएस एमएस जनरल सर्जन द्वारा नीलम देवी निवासी सीधी मध्य प्रदेश के रहने वाली के पित्त की थैली से 7 सेंटीमीटर की पथरी निकाली गई पथरी को देखकर डॉक्टर एवं हॉस्पिटल के सभी कर्मचारी अचंभित रह गए मरीज के घर वालों ने डॉक्टर को बधाई देने लगे और कहा कि आप ने हमारी मरीज की जान बचा लिया धीरे धीरे अगल बगल के काफी लोग इकट्ठा हो गए लोगो ने डॉक्टर को बहुत सराहना की इस मौके पर डा अर्जुन सिंह, डा गुलाम मुस्तफा, डा ब्रिजेश, सुरूर फातमा, फैसल मंजीत लालबहादुर आदि लोग उपस्थित रहे

## जंघई से बाबा बैद्यनाथ जलाभिषेक हेतु कांवरियों ने किया प्रस्थान



**जंघई।** बाबा बैद्यनाथ धाम में जलाभिषेक एवं पूजन अर्चन करने हेतु कांवरियों का दल गाजे बाजे ढोल नगाड़ों के बीच जंघई से प्रस्थान किया। आस्था व श्रद्धा के मास सावन में कावरियों द्वारा सर्व प्रथम सुल्तानगंज से गंगा स्नान के बाद बाबा का जलाभिषेक करने के लिए जल उठाकर पद यात्रा करते हुए बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करेंगे। उसके बाद बाबा बासुकीनाथ, राजगीर का दर्शन जलाभिषेक करते हुए वापसी में काशी विश्वनाथ वाराणसी दर्शन करके घर आयेंगे। विधि विधान व मंत्रोच्चारण के साथ पूजन करते हुए हर हर महादेव के गगनभेदी नारों के साथ भगवा मय कांवरियों ने उत्साह व जोश के साथ घर परिवार गांव के सभी बड़ों का आशीर्वाद स्नेह लेकर प्रस्थान किया। कांवरियों में श्रीकांत दुबे, रामप्रकाश चंचल शुक्ला, हरिश्चंद्र दुबे, अजय दुबे, संदीप दुबे आदि लोग शामिल रहे।

# डेलौहां बीडीसी उपचुनाव में 560 मत पाकर रेनू यादव ने जमाया कब्जा

**चुनाव नतीजे के बाद मेजा ब्लाक प्रमुख पद पर उलट फेर को लेकर चर्चा हुई तेज,वर्तमान प्रमुख गायत्री मिश्र पत्नी गंगा प्रसाद मिश्र की तख्तापलट होने की कवायद बढ़ी**



**मेजा।** क्षेत्र पंचायत सदस्य डेलौंहा के उपचुनाव में रेनू यादव विजई घोषित हुई हैं। उपचुनाव में रेनू यादव को 560 वोट मिले। जबकि प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी रहीं कविता शर्मा को 364 वोट मिले।उल्लेखनीय है कि इस उपचुनाव के बाद मेजा विकास खण्ड में ब्लाक प्रमुख पद को लेकर भारी गहमा गहमी एवं गुणा गणित तेज हो गई है। मेजा ब्लाक प्रमुख पद पर ग्रहण लगने की आशंका जताई जा रही है। लोगों में चर्चा है कि ब्लाक प्रमुख श्रीमती गायत्री मिश्रा राजनीतिक उलट-फेर का शिकार हो सकती हैं। गौरतलब है कि मेजा ब्लाक में कुल 99 क्षेत्र पंचायत सदस्य हैं। ऐसे में ब्लाक प्रमुख पद के लिए 50 बीडीसी की आवश्यकता होती है। बीते वर्ष 2021में हुए प्रमुख पद के चुनाव में गायत्री मिश्रा पत्नी गंगा प्रसाद मिश्र को 75 बीडीसी सदस्यों का समर्थन मिला था जबकि राजकुमारी जैसल पत्नी पूर्व विधायक राजबली जैसल को 24 मत मिले थे। तीसरी प्रत्याशी रही बिमला देवी पत्नी बबलू का खाता तक नहीं खुला था। बता दें कि लोकसभा चुनाव के समय से ही विपक्ष मेजा ब्लाक प्रमुख पद को लेकर कमर कसने लगा था। इस दौरान डेलौंहा ग्राम सभा का एक क्षेत्र पंचायत सदस्य इस्तीफा दे दिया था जिससे पुनः उपचुनाव कराया गया। चुनाव परिणाम में विपक्ष ने डेलौहा क्षेत्र पंचायत सदस्य पद पर कब्जा बना लिया है। ऐसे में उक्त चुनाव परिणाम को ब्लाक प्रमुख पद से जोड़ कर देखा जा रहा है। जो लोगों में इन दिनों काफी चर्चा का विषय बना हुआ है। हालाकि मतगणना के बाबत आरओ केके सिंह एवं एआरओ सच्चिदानंद द्विवेदी ने बताया कि मतगणना का कार्य भारी पुलिस बल की मौजूदगी में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया गया।

## उप चुनाव में अजय कुमार, हबीबुर्रहमान राधा देवी बने ग्राम प्रधान

**मऊआइमा।** मऊआइमा में रिक्त ग्राम प्रधान तीन पदों पर हुए चुना फिर गुरूवार को हुई गणना में ग्राम मलाकबेला से राधा देवी को 469मत ,शीलू देवी को 339, निर्मला देवी को 280,रीनू को 187मत प्राप्त हुए।इस प्रकार राधा देवी ने शीलू देवी को 130मतों से हरा कर प्रधान निर्वाचित हुई।इसी तरह ग्राम सभा मलखानपुर में अजय कुमार को 334 तथा सोनी देवी को 281 मत प्राप्त हुए।इस प्रकार अजय कुमार ने 53मतों से सोनी देवी को हराया। ग्राम सराय बादशाकुली की गणना में हबीबुर्रहमान को 621मत , अंकित कुमार विश्वकर्मा को 299मत , संतोष कुमार को 110 मत, मोहम्मद मतीन को 16 मत मिले।इस प्रकार हबीबुर्रहमान ने अंकित कुमार विश्वकर्मा को 322 मतों से हरा कर ग्राम प्रधान निर्वाचित हुए।उप चुनाव की गणना शांतिपूर्वक संपन्न हुई।

## उप चुनाव में वार्ड 30 मझुआ की रविता क्षेत्र पंचायत सदस्य निर्विरोध निर्वाचित



**करछना।** विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत मझुआ में क्षेत्र पंचायत सदस्य ओमप्रकाश की आकस्मिक निधन के बाद से रिक्त पद कर हुए उप चुनाव की घोषणा के पश्चात वार्ड 30 से मृतक ओम प्रकाश की पुत्री रविता ने क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए पर्चा दाखिल किया था जिस पर गांव में वार्ड 30 से कोई और ने पर्चा दाखिल नहीं किया था जिस पर निर्वाचन आयोग के तरफ से रविता को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर प्रमाण पत्र निर्गत किए गुरुवार को विकास खंड करछना कार्यालय पर सहायक विकास अधिकारी उदय भान? ने रविता को बुला कर प्रमाण पत्र दिया इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख विजय राज सिंह उर्फ राजू सिंह प्रधान बनवारी लाल पटेल, भट्टाचार्य हर दीप सिंह सिंह बड़ी संख्या में ब्लॉक कर्मियों ने निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुई रविता को बधाई देते हुए सभी ब्लाक कर्मियो को लड्डू खिला कर मुह मिठा कराया।



## दिव्यांग चिन्हांकन शिविर का हुआ आयोजन

**सोरांव।** स्थानीय ब्लॉक सभागार में वृहस्पतिवार को ब्लॉक प्रमुख प्रदीप सरोज तथा खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार पटेल के अध्यक्षता में चिकित्सा एवम् दिव्यांग सशक्तिकरण कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लॉक क्षेत्र के 150 दिव्यांगजनों ने शिविर में प्रतिभाग किया। लेकिन चिन्हांकन के बाद मौजूद डाक्टरों की टीम ने सिर्फ 88 दिव्यांग ही पात्र पाए हुए। सभी पात्र दिव्यांगों का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाकर यूनिक दिव्यंगता प्रमाण पत्र (यू डी ई डी) हेतु सीएमओ कार्यालय प्रयागराज में अग्रसारित किया गया। इस मौके पर तेज बहादुर सप्रू जिला चिकित्सालय प्रयागराज से आर्थो सर्जन डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद गुप्ता,मनोविज्ञान चिकित्सक डॉक्टर जैस कुमार पटेल, नोडल डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद यादव,दिलीप तिवारी, एडीओ समाज कल्याण राकेश यादव, एडीओ पंचायत सुरेंद्र प्रसाद यादव, सोरांव ग्राम पंचायत अधिकारी कौशल कुमार, सचिव सुशील द्विवेदी, सचिव अमित सिंह, सचिव मुकेश कुमार, सचिव अंकित, लेखाकार संजय कनौजिया, स्थापना बाबू मोहम्मद आफताब आलम, लिपिक बनवारी लाल, कंप्यूटर ऑपरेटर सुनील कुमार यादव सहित ब्लॉक के समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

## अधीक्षक ने अनुपस्थित एएनएम को स्पष्टीकरण का भेजा नोटिस

**सोरांव।** फैमली सर्वे को लेकर स्वास्थ्य विभाग इस समय गांव में स्थित सभी स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर औचक निरीक्षण करके एएनएम और आशा के क्षेत्र में रहने का लाइव सर्वे कर रहे हैं। जिसको लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर अनुपम द्विवेदी ने कई एएनएम को अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण का नोटिस भी पकड़ा दिया है। जिसको लेकर सीएचसी पर तैनात स्वास्थ्य कर्मियों में खलबली मची हुई है। जानकारी के अनुसार 15 और 29 जुलाई को फैमिली सर्वे करने के लिए जिले से डाक्टरों की टीम के साथ अधीक्षक डॉक्टर अनुपम द्विवेदी ने हाजीगंज उपकेंद्र पर कर्मचारी के उपस्थिति का जायजा लेने पहुंचे तो वहां पर तैनात एएनएम गीता शर्मा व अनीता अनुपस्थित पाई गई। जिसको लेकर अधीक्षक ने दो दिनों में अनुपस्थिति का स्पष्टीकरण देने के लिए नोटिस जारी कर दिया। इतना ही नहीं संतोषजनक जवाब न देने पर एक दिन का वेतन/मानदेय काटने का भी आदेश दिए। जिसको लेकर संबंधित प्रधान असवा उर्फ हाजीगंज प्रेम सत्यार्थी ने अपने लेटर पैड पर लिख कर दिया कि जिस एएनएम को अनुपस्थित दिखाकर स्पष्टीकरण का नोटिस जारी किया गया है वह अपने क्षेत्र में कार्य कर रही थी। इनको अनुपस्थिति के स्थान पर उपस्थित दिखाया जाए। तो वही ग्राम प्रधान बाहर सराय मनोरमा देवी पत्नी राम गणेश मौर्य ने भी अपने लेटर पैड पर एएनएम गीता शर्मा को 29 जुलाई को क्षेत्र में उपस्थित होकर कार्य करने की लिखित बात बताई।

# सपा का संविधान मान स्तम्भ शहर पहुंचा, जिला एवं महानगर कार्यालय में होगी स्थापना

**प्रयागराज।** देश के संविधान की महत्ता और इसके संरक्षण के लिये प्रतिबद्धता दशार्ने के उद्देश्य से सपा के जिला एवं महानगर कार्यालय में संविधान मान स्तम्भह्न की स्थापना की जाएगी। प्रतीक चिन्ह के रूप में संविधान मान स्तम्भ की स्थापना सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में गत 26 जुलाई को पार्टी कार्यालय लखनऊ में करने के बाद अब सपा प्रदेश के सभी जिला एवं महानगर कार्यालयों में कर रही है।वर्ष 1902 में कोल्हापुर के शासक राजर्षि शाहूजी महराज ने ज्योतिबा फुले महराज की प्रेरणा से 26 जुलाई को अपने राज्य में पिछड़ों को सत्ता एवं प्रशासन में 50% आरक्षण देकर सामाजिक न्याय की अवधारणा को पुष्ट किया था।इस दिन को यादगार बनाने और सामाजिक न्याय, जातिगत जनगणना , आरक्षण पूरी तरह से लागू कराने, महिलाओं की सुरक्षा, किसानों, नौजवानों सहित आम आदमी के हितों से सम्बंधित मुद्दों के संघर्ष में संविधान के मूल्यों और सिद्धांतों को याद दिलाने के लिये संविधान मान स्तम्भ प्रतीकात्मक प्रेरणा श्रोत होगा।




सपा के जिला मीडिया प्रभारी दान बहादुर मधुर के अनुसार संविधान मान स्तम्भ ह्न प्रदेश कार्यालय से रिसीव होकर जिला एवं महानगर कार्यालय में आ चुका है। लगभग 5 फिट ऊँचे इस स्तम्भ को बनाने में लकड़ी, फाइबर और शीशे का उपयोग हुआ है। इसके ऊपर संविधान की पुस्तक रखी गई है।आगामी 10 अगस्त को जिला कार्यालय जार्ज टाउन में एवं 11 अगस्त को महानगर कार्यालय में इसकी स्थापना की जाएगी। संविधान मान स्तम्भ की स्थापना के उपरांत पूरे जिले में गोष्ठीयां आयोजित की जाएगी। आगामी 11 अगस्त को शहर पश्चिमी के मुंडेरा में स्थित एक गेस्ट हॉउस में आयोजित स्थापना एवं संगोष्ठी को सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री श्यामलाल पाल बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करेंगे। वही आगामी 17 अगस्त को गंगापार क्षेत्र के फूलपुर में आयोजित संगोष्ठी में सपा के राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व मंत्री, विधायक इंद्रजीत सरोज मुख्य अतिथि होंगे।यमुनापार के कोराव में 18 को,मेजा में 22 को, बारा में 25 को एवं करछना विधानसभा में 31अगस्त को आयोजित संविधान मान स्तम्भ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी डॉ मानसिंह यादव मौजूद रहेंगे। पार्टी कार्यालय में इसकी रुपरेखा एवं तैयारियों को लेकर हुई बैठक में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, यमुनापार पप्पूलाल निषाद, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेखार हुसैन, पूर्व विधायक मुजतबा सिद्दीकी, रविन्द्र यादव, अमरनाथ सिंह मौर्य, वजीर खां, डॉ राजेश, दान बहादुर मधुर, राम अवध पाल, आरएन यादव, सचिन श्रीवास्तव, जगदीश यादव, ओ पी पाल, कुलदीप यादव, शकील अहमद, नाटे चौधरी, शांति प्रकाश पटेल, तारिक सईद अज्जू, भोला यादव, लल्लन पटेल आदि मौजूद रहे।

# नगर आयुक्त ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** नगर निगम क्षेत्र में गंगा एवं यमुना नदी के बढते जल स्तर एवं वर्षा ऋतु के कारण नगर क्षेत्र में जल भराव की समस्या के दृष्टिगत नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज, चन्द्र मोहन गर्ग द्वारा गुरुवार को नेवादा, राजापुर बघाड़ा, अशोक नगर, तथा बेलीगॉव क्षेत्र का निरीक्षण तथा कुम्भ मेला से समबन्धित मार्गप्रकाश के कार्यों का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान जोनल अधिकारी मुख्य अभियन्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी अधिशाषी अभियन्ता, अवर अभियन्ता तथा सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को निर्देशित किया कि नेवादा, राजपुर तथा बघाड़ा क्षेत्रों में खाली पड़े प्लाटों से पम्पों के माध्यम से जल निकासी कराना सुनिश्चित कराये, इसी के साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में ब्लीचिंग पाउडर, मैलथियान, चूना तथा कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव नियमित रूप से कराया जाये जिससे महामारी डेंगू तथा संचारी रोगों से बचाव किया जा सके। उक्त सभी कार्यों की मॉनीटिरिंग अपर नगर आयुक्त (डी) द्वारा की जायेगी जो समय-समय पर रिपोर्ट करते हुए सूचित करेंगें। नगर आयुक्त द्वारा अपर नगर आयुक्त को बाढग्रस्त क्षेत्रों में खाले पडे प्लाटों (गन्दगी तथा पानी भी प्लाटों) के मालिकान तथा संचालित बेसमेन्ट के मालिकान को ससमय सुरक्षा उपाय हेतु उचित व्यवस्था किये जाने हेतु नोटिस निर्गत करने के निर्देश दिये गये।निरीक्षण के दौरान राजापुर क्षेत्र में कई प्लाटों पर पानी भरा होने के कारण नगर आयुक्त द्वारा आक्रोश व्यक्त करते हुए मुख्य अभियन्ता/अधिशाषी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि ससमय पम्प लगाकर जल निकासी कार्य कराया जाए, साथ ही इस आशय का सम्बन्धित अवर अभियन्ता को चेतावनी पत्र जारी किया जाए। नगर आयुक्त द्वारा मुख्य अभियन्ता तथा अधिशाषी अभियन्ता को निर्देशित किया गया आपस में बैठक कर सभी बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों से सम्बन्धित समस्याओं/व्यवस्थाओं हेतु कार्योजना तैयार कर कार्यवाही अमल में लाई जाए तथा नियमित रूप से साफ-सफाई कार्य कराया जाए। नगर आयुक्त द्वारा बाढग्रस्त इलाको के सभी जोनल अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया अपने-अपने क्षेत्रों के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नियमित रूप से साफ-सफाई कराते हुए ब्लीचिंग पाउडर, मैलथियान, चूना तथा कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव नियमित रूप से कराया जाये।कुम्भ के कार्यो के दौरान कालिन्दीपुर क्षेत्र में स्ट्रीट लाईट हेतु निर्माण कार्य के दौरान नगर आयुक्त द्वारा मुख्य अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया गया कि गुणवत्ता के साथ ससमय कार्य कराना सुनिश्चित कराएं।

## आपदा कन्ट्रोल रूम तीन पालियों में 24 घंटे संचालित

**बाढ़ से सम्बंधित कोई भी शिकायत टेलीफोन नं0-0532-2641578 व 0532-2641577 पर करायी जा सकती है दर्ज**

संगम सभागार (कलेक्टेज्ट परिसर) के ऊपर पूर्व से स्थापित आपदा कन्ट्रोल रूम (इमरजेन्सी आपरेशन सेन्टर) जो 24.7 तीन पालियों में संचालित है, जिसके प्रभारी श्री विनय सिंह-अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व है। प्रथम पाली सुबह 06:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक है, जिसके प्रभारी श्री यशवन्त कुमार-सहायक चकबन्दी अधिकारी, द्वितीय पाली दोपहर 02:00 बजे से रात 10:00 बजे तक, जिसके प्रभारी श्री विनय कुमार सिंह-सहायक चकबन्दी अधिकारी एवं तृतीय पारी रात 10:00 बजे से सुबह 06:00 बजे तक, जिसके प्रभारी श्री संजय शुक्ला-सहायक चकबन्दी अधिकारी है। बाढ़ से सम्बंधित कोई भी शिकायत टेलीफोन नं0-05322641578 व 05322641577 पर दर्ज करायी जा सकती है।



## हाईकोर्ट समाचार

## आनंद गिरि को कोर्ट से झटका, अदालत ने ऑडियो की सीडी और पेन ड्राइव देने की मांग ठुकराई

**प्रयागराज।** जिला अदालत ने अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रहे महंत नरेंद्र गिरि की मौत के मामले आरोपी आनंद गिरि को तगड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने आनंद गिरि की ओर से नरेंद्र गिरि और उनके बीच हुई बातचीत की अदालत में पेश हुई सीडी की प्रति देने की मांग वाली अर्जी खारिज कर दी। आनंद गिरि ने सीबीआई की ओर से पेश इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को उपलब्ध कराने की अर्जी दाखिल की थी। वहीं बृहस्पतिवार को महंत रवींद्र पुरी की होने वाली गवाही टल गई है। अब मामले की सुनवाई 16 अगस्त को होगी। जिला अदालत में महंत नरेंद्र गिरि की संदिग्ध मौत मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश अंजू कन्नौजिया की अदालत कर रही है। मामले में चल रहे ट्रॉयल के दौरान अभियोजन की ओर से आत्महत्या से पहले नरेंद्र गिरि और आनंद गिरि के बीच हुई बातचीत का ऑडियो और वीडियो की पेन ड्राइव पेश की गई। इसकी रवींद्र पुरी से शिनाख्त कराई गई। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गुलाब चंद्र अग्रहरि ने बताया कि आज रवींद्र पुरी गवाही के लिए पेश हुए थे, लेकिन अदालत ने सुनवाई को 16 अगस्त के लिए टाल दिया है। बता दें कि महंत नरेंद्र गिरि की आत्महत्या मामले में उनके शिष्य आनंद गिरि समेत तीन लोग जेल में बंद हैं। इस मामले की जांच सीबीआई ने की थी। जांच के बाद आनंद गिरि, आद्या तिवारी और संदीप तिवारी पर नरेंद्र गिरि को ब्लैक मेलकर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का आरोप है। सीबीआई की ओर से दाखिल की आरोप पत्र पर मामले का विचारण शुरू हो चुका है। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी की गवाही चल रही है। गवाही के दौरान पेश की गई पेन ड्राइव की ऑडियो एयर वीडियो अदालत में चलाई गई थी। यही सीडी उपलब्ध कराने की मांग को लेकर आरोपी आनंद गिरि ने कोर्ट में अर्जी लगाई थी। महंत नरेंद्र गिरि की बाघंबरी मठ परिसर के अतिथि कक्ष में रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई थी। पुलिस के पहुंचने पर कक्ष में पंखे लटकता फंदा और फर्श पर शव पाया गया था।

## महिला की दुपट्टा खींचने वाले वकील की सदस्यता रद्द

### इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने वकील के खिलाफ लिया कड़ा एक्शन

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के कर्मचारी की पत्नी का दुपट्टा खींचने के मामले में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने एक्शन लिया है। एसोसिएशन ने कार्रवाई करते हुए रामबहादुर गुप्ता की बार की सदस्यता समाप्त कर दी है। बार एसोसिएशन कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से यह फैसला लिया है।दरअसल, शुक्रवार को हाईकोर्ट के पास जीटी रोड पर एक वकील का महिला के साथ दुर्व्यवहार करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस घटना को लेकर हाईकोर्ट मिनिस्टीरियल ऑफिसर एसोसिएशन ने हाईकोर्ट बार एसोसिएशन को पत्र लिखकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग थी।

**पति को छोड़कर लौट रही थी महिला :** इलाहाबाद हाईकोर्ट के कर्मचारी की पत्नी अपने पति को हाईकोर्ट छोड़ने के लिए गई थी। जब वह अपने पति को छोड़कर वापस लौट रही थी तो उसकी स्कूटी एक वकील की कार से टकरा गई। इसे लेकर वकील और महिला के बीच झड़प हो गयी। एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें आरोपी वकील महिला को धक्का देते हुए और उसका दुपट्टा खींचते हुए दिखाई दिया। वकील ने सरेराह महिला के ऊपर हाथ भी उठाने जा रहा था जिस पर कुछ लोगों ने बीच बचाव भी किया था। इस संबंध में पुलिस ने मुकदमा भी दर्ज किया है।

## न्यूज झरोखा

### प्रयागराज मंडल को सूखा ग्रस्त घोषित करने की मांग को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर जनपद इलाहाबाद जिला अधिकारी प्रांगण में इलाहाबाद मंडल में 8 अगस्त को धरना प्रदर्शन किया गया जिसमें सरकार द्वारा लगातार ताबड़ तोड़ महंगाई व बढ़ती हुई जी.एस.टी. किसानों के साथ अन्याय व बेलगाम भ्रष्टाचार अघोषित बिजली कटौती एम. एस. पी. की गारंटी प्रयाग राज मंडल को सूखा ग्रस्त घोषित करने व जनहित में सभी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया प्रयागराज जिला अधिकारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन प्रस्तुत किया गया उक्त ज्ञापन एवं धरना प्रदर्शन में शमीम आलम राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर प्रभारी मध्य प्रदेश राष्ट्रीय किसान कांग्रेस कमेटी, सुशील कुमार तिवारी प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी इलाहाबाद मंडल अध्यक्ष ,किसान कांग्रेस कमेटी गंगा पार, अजीत कुमार कुशवाहा ,विष्णु कुमार सोनी अध्यक्ष मानवाधिकार कांग्रेस कमेटी कौशांबी ,अनिल कुमार ,शिव कुमार उर्फ बुदुल पूर्व अध्यक्ष एकरार अहमद, अरूणेश दीक्षित ,मोहम्मद आरिफ ,आदि सैकड़ो की संख्या में किसान परिवार के लोग उपस्थित रहे

### महर्षि विद्या मन्दिर में फ्रेशर पार्टी में बच्चों ने जमकर किया धमाल




**नैनी।** नैनी गुरूवार को महर्षि विद्या मन्दिर में नवागन्तुक नौनिहाल बच्चों के स्वागत के लिए विद्यालय में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें नर्सरी एवं एल.के.जी.के बच्चों ने बढ़चढ़ कर अपनी भागीदारी निभाई। उनके द्वारा किए गए नृत्य एवं फैशन शो ने सभी के मन को मोह लिया। जिसमें कक्षा नर्सरी से मिस्टर फ्रेशर सोरिष राजपूत एंव मिस फ्रेशर वेदिका सिंह का चयन किया गया। कक्षा एल केजी से मिस्टर फ्रेशर अभिजीत सिंह एवं मिस फ्रेशर श्रुति शुक्ला का चयन हुआ। उप विजेता कक्षा नर्सरी से पाखी त्रिपाठी एवं एल के जी से उत्कर्ष मौर्य रहें। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा चंदोला ने बच्चों की समस्त गतिविधियों को देखकर अत्यन्त प्रसन्न मन से उन सभी की सराहना करते हुए उन्हें पुरस्कृत किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि ये नौनिहाल बच्चें हमारे देश के सभ्य एवं भावी नागरिक बनेंगें। इनकी नींव को सुदृढ़ करना हम सभी का परम कत्र्तव्य है। कार्यक्रम के अन्त में प्रधानाचार्या ने नौनिहाल बच्चों एवं संबंधित शिक्षिकाओं को धन्यवाद व्यक्त किया।

### डांडी भंडारे में हजारों ने किया प्रसाद ग्रहण, झाकियों ने मन मोहा



**नैनी।** नैनी के रीवा रोड स्थित डांडी बाजार में गुरुवार को विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। इसमें मोहल्ले के युवाओं के साथ ही बड़ों ने भी पूरा सहयोग किया। शाम को कलाकारों द्वारा प्रस्तुत झांकियों को देख सभी वाह वाह कर उठे। भंडारा का शुभारंभ लगभग 12 बजे किया गया। इसके बाद पूरे दिन प्रसाद लेने को भीड़ जुटी रही। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य रूप से कांवरियों की सेवा के लिए किया गया था। कांवरियों के साथ ही राहगीरों के साथ ही आसपास के कई मोहल्ले के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को मुख्य रूप से नीरज यादव, टिन्नू कुशवाहा, सोनू केसरवानी, विकास, रोहित, प्रभात, पंकज यादव, राजू यादव आदि ने सफल बनाया।

### काकोरी ट्रेल एक्शन की 100वीं वर्षगांठ पर चन्द्रशेखर आजाद पार्क में आज होगा विभिन्न आयोजन

**प्रयागराज।** काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ दिनांक 09 अगस्त, 2024 को काकोरी टेज्न एक्शन शताब्दी समारोह के रूप में मनाया जायेगा। इस अवसर पर जिला प्रशासन, पर्यटन, संस्कृति, शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों के सौजन्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा, जिसके क्रम में प्रातः 09:00 बजे साईकिल सवार स्वयं सेवकों/विद्याथिंयों द्वारा सुभाष चैराहा सिविल लाइन से शहीद चन्द्रशेखर आजाद के गेट नं0-3 तक शहीद स्मृति यात्रा निकाली जायेगी। पूर्वान्ह 10:00 बजे शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि, तिरंगे रंग के गुब्बारे उड़ाकर आयोजन का शुभारम्भ एवं पुलिस बैण्ड द्वारा राष्ट्रधुन का वादन किया जायेगा। इसके साथ ही साथ काकोरी के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर आधारित लघु कॉमिक पुस्तिकाओं का प्रकाशन के साथ-साथ विद्यालयों में अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के तहत काकोरी लिटरेचर फेस्टिवल, वृक्षारोपण, स्वातंत्र कला रंग, स्वातंत्र नाट्य रंग, अभिलेख प्रदर्शनी, सांस्कृतिक गतिविधियां, सम्मान समारोह सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क (गेट नं0-3) में किया जायेगा।

## आधार पंजीकरण या संशोधन के लिए अब सुबह 07:30 बजे से शाम 6:30 बजे तक खुलेंगे आधार केंद्र

**प्रयागराज।** प्रयागराज डाक परिक्षेत्र के निदेशक डा0 आनन्द कुमार सिंह ने बताया कि डाक विभाग के आधार केंद्रों पर बड़ी संख्या में लोग नए पंजीकरण, अपडेट या संशोधन कराने के लिए आ रहे हैं। काउंटर पर लोगों की सहूलियत के लिए केंद्रों को दो पाली में खोला जा रहा है। प्रयागराज डाक परिक्षेत्र में संचालित 07 केंद्रों पर अब सुबह 07:30 बजे से आधार पंजीकरण या संशोधन की सुविधा मिलेगी। दोपहर 01:30 बजे लंच होगा। पुनः दोपहर 02:00 से शाम 6:30 बजे तक आधार काउंटर खुले रहेंगे। फिलहाल यह व्यवस्था प्रयागराज डाक क्षेत्र के सभी प्रधान डाकघरों (प्रयागराज, प्रयागराज कचेहरी, सुल्तानपुर, मिजार्पुर, अमेठी, रोबर्टसगंज तथा प्रतापगढ़) में लागू की जा रही है। बाद में प्रयागराज क्षेत्र के अन्य डाकघरों में भी यह प्रयोग किया जाएगा। साथ ही यह भी बताया कि वर्तमान में प्रयागराज प्रधान डाकघर में सुपर आधार केंद्र स्थित है जिसमें कुल 06 काउंटर कार्यरत है । डाक विभाग द्वारा आधार पंजीकरण के लिए मोबाइल केंद्र भी चला रहा है। किसी विद्यालय या अन्य स्थल पर 200-300 लोगों का आधार पंजीकरण होना है तो वहां मोबाइल टीम भेजी जाती है, जो वहां कैंप लगाकर काम करती है।

## मेला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने किया मंदिरों पर कराये जा रहे सौन्दर्यीकरण के कार्यों का निरीक्षण



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 में आने वाले श्रद्धालुओं की आध्यात्मिक अनुभूति को और सुगम बनाने के दृष्टिगत भरद्वाज आश्रम, अलोप शंकरी मंदिर एवं मनकामेश्वर मंदिर पर कराए जा रहे सौंदर्यीकरण के कार्यों का निरीक्षण आज मेला प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सर्वप्रथम महर्षि भारद्वाज आश्रम को जागृत करने हेतु बनाए जा रहे भारद्वाज आश्रम कॉरिडोर के निमार्णाधीन कार्यों का निरीक्षण किया गया तथा सुरक्षा की दृष्टिकोण से श्रद्धालुओं की अपेक्षित भीड़ के आवागमन हेतु एक बेहतर रूट प्लान/सुरक्षा व्यवस्था बनाने पर चर्चा की गई। तत्पश्चात आलोप शंकरी मंदिर एवं मनकामेश्वर मंदिर जाकर वहाँ पर भी अपेक्षित भीड़ के दृष्टिकोण से सुरक्षा व्यवस्था एवं आवागमन की निर्बाध व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए जिसके अंतर्गत आवश्यकतानुसार इन स्थानों पर स्थायी/अस्थायी पुलिस चौकियां बनाने एवं पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की तैनाती के निर्देश दिए गए। निरीक्षण में एडीजी जोन श्री भानु भास्कर, मंडलायुक्त श्री विजय विश्वास पंत, पुलिस आयुक्त श्री तरुण गाबा, पुलिस महानिरीक्षक श्री प्रेम गौतम, मेला अधिकारी, श्री विजन किरण आनंद समेत में अन्य वरिष्ठ अधिकारी रहे।

## नैनी सेंट्रल जेल से फरार सजायाफ्ता कैदी कालीचरण गिरफ्तार

**20 जुलाई को नैनी सेंट्रल जेल से हुआ था फरार**



**नैनी।** नैनी सेंट्रल जेल से फरार सजायाफ्ता बंदी कालीचरण उर्फ बउवा को नैनी पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर गुरुवार को नैनी छिवकी स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया गया है। बता दें कि कालीचरण को सामूहिक दुष्कर्म के मामले में आरोप सिद्ध होने पर 20 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई थी और वह नैनी सेंट्रल जेल में निरुद्ध था। जानकारी के अनुसार नैनी सेंट्रल जेल से कालीचरण के फरार होने के संबंध में जेल के कारापाल अंजनी कुमार गुप्ता द्वारा नैनी थाने में 21 जुलाई, 2024 को मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। और नैनी जेल से कालीचरण के फरार होने की घटना के बाद जेल प्रशासन ने लापरवाही के आरोप में चार कर्मियों को निलंबित किया था। जेल प्रशासन, पुलिस, एसटीएफ और क्राइम ब्रांच के लिए पिछले 18 दिनों से सिर दर्द बना कालीचरण गुरुवार को नैनी के छिवकी जंक्शन से गिरफ्तार कर लिया गया। कालीचरण गुरूवार को अपनी दूसरी पत्नी रोशनी से मुलाकात कर वापस लौटा था और मुंबई भागने की फिराक में था। जिसे छिवकी स्टेशन पर एसओजी और नैनी पुलिस की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर दबोच लिया। आरोपी को गिरफ्तार कर नैनी पुलिस आगे की कार्रवाई कर जेल भेज दिया है। केंद्रीय कारागार नैनी में बंद सजायाफ्ता कैदी कालीचरण उर्फ बऊआ पुत्र मूलहू और उसके बहनोई को सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के मामले मे 20 साल की सजा सुनाई गई थी। जिसे महोबा जेल से नैनी पांच महीने पहले भेजा गया था। जिसके बाद 20 जुलाई को वह बाग कमान से 25 फिट की दिवार को फांदकर भाग गया था। जेल प्रशासन, नैनी पुलिस, एसओजी और एसटीएफ सब उसकी तलाश में लगातार महोबा सहित उसके अन्य ठिकानों पर दबिश दे रहे थे। आरोपी पिछले 18 दिनों से पुलिस और एसटीएफ के साथ एसओजी के साथ आंख मिचौली का खेल रहा था। वह कभी मध्य प्रदेश , महोबा तो कभी प्रयागराज में अपना ठिकाना बनाया हुआ था। कालीचरण की गिरफ्तारी पुलिस और जेल प्रशासन के एक बड़ी चुनौती बन गई थी। काली चरण की गिरफ्तारी के बाद जेल प्रशासन और नैनी पुलिस ने राहत की सांस ली है।

## अवन्तिका महोत्सव में महिलाओं ने नृत्य व कजरी गायन प्रस्तुत कर श्रोताओं का मन मोहा




**नैनी।** नैनी अवंतिका विकास समिति के तत्वावधान में स्थानीय चंद्रलोक गेस्ट हाउस में अवंतिका महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें लोकगायकों ने कजरी गायन से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर कजरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लवली सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में लोकगायिका मोहिनी श्रीवास्तव, डॉ नम्रता राय, फिरदौस खान तथा सुनीता जायसवाल मौजूद रहे। संचालन कार्यक्रम की आयोजिका व अवंतिका विकास समिति महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा मीना जायसवाल ने किया। महोत्सव में अवंतिका विकास समिति के संरक्षक पूर्व आईजी सी पी सिंह, संयोजक गजेंद्र प्रताप सिंह, सह संयोजक बद्री प्रसाद मिश्र, उपाध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद शुक्ल, महासचिव सुनील श्रीवास्तव मंत्री सुनील साहनी, गंगा प्रसाद ठाकुर, बीबी दुबे, गोविन्द सिंह चौहान, सुधाकर पाण्डेय, राकेश श्रीवास्तव, सहित महिला प्रकोष्ठ की पदाधिकारियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य व विशिष्ट अतिथियों द्वारा भगवान भोलेनाथ के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुआ। लोकगायिका मोहिनी श्रीवास्तव के पिया मेंहदी लिया द मोती झील से जाइ के साइकील से ना सहित अन्य कजरी गायन पर श्रोता झूम उठे। मीना जायसवाल सहित गायकों की प्रस्तुति भी सराहनीय रही। कार्यक्रम में क्षेत्र की महिलाओं ने कजरी गीत पर जमकर नृत्य किया। गायन प्रतियोगिता में रेखा बाजपेयी, मंजुला जायसवाल तथा सविता सिंह ने निर्णायक की भूमिका में मौजूद रही। आयोजक मण्डल में बिंदु राठौर, अंजुम नाज, सुषमा विश्वकर्मा, आरती पाण्डेय, चंद्रावती तिवारी, आशा सिंह पुष्पा सिंह, वैभवी जोशी, सुधा, पूनम तिवारी, शेफाली केसरवानी आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## तिरंगे का सम्मान हर भारतीय का कर्तव्यः दिलीप पटेल

**प्रयागराज।** हर घर तिरंगा एवं अन्य अभियानों को लेकर भाजपा काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने कहा कि तिरंगे का सम्मान करना हर भारतीय का कर्तव्य है। सिविल लाइन स्थित होटल सी पी एस में आयोजित पत्रकार वार्ता में क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता देशवासियों के साथ मिलकर विगत वर्षों से देश भर में हर्षोल्लास के साथ राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के संकल्प की प्रतिबद्धता के साथ स्वतंत्रता दिवस को हर घर तिरंगा व तिरंगा यात्रा सहित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मनाते आ रहे हैं। पार्टी ने उत्तर प्रदेश में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के दिन हर घर तिरंगा के संकल्प के साथ अभियान की विस्तृत रूपरेखा पार्टी ने तैयार की है ।जिसके तहत 11, 12, व 13 अगस्त 2024 को प्रत्येक विधानसभा में तिरंगा यात्रा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता निकालेंगे। इसके साथ ही 12 से 14 अगस्त, 2024 तक पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर महापुरुषों की प्रतिमाओं एवं स्मारकों के आस-पास स्वच्छता का कार्यक्रम चलायेंगे एवं अमर बलिदानियों, महापुरूषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करके कृतज्ञ नमन करेंगे। इस क्रम में 13, 14 व 15 अगस्त, 2024 को प्रत्येक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जन-जन से सम्पर्क करके प्रत्येक घर एवं व्यवसायिक केन्द्रों पर तिरंगा फहराने हेतु अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। पार्टी 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर प्रत्येक जनपद में गोष्ठी का आयोजन करेगी और विभाजन की त्रासदी पर चर्चा करेगी। इसके साथ ही पार्टी विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर मौन जुलूस भी निकालेगी तथा विभाजन की विभीषिका पर प्रदर्शनी के माध्यम से भी नागरिकों के समक्ष चर्चा की जाएगी।

जिला केन्द्रो पर संगोष्ठी करते हुए विभाजन के काले अध्याय को याद करते हुए लाखों की संख्या में मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि दी जायेगी। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारी बडे. पैमाने पर जगह-जगह सार्वजनिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। प्रत्येक बूथ के हर घर पर तिरंगा फहरे इसके लिए पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर संपर्क कर लोगों को प्रेरित भी करेंगे।

## प्रभारी जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न



**प्रयागराज।** प्रभारी जिलाधिकारी/ मुख्य विकास अधिकारी श्री गौरव कुमार की अध्यक्षता में गुरूवार को संगम सभागार में जिला पोषण समिति/संभव अभियान/पोषण भी पढ़ाई भी/हैलो डाक्टर दीदी कार्यक्रम की बैठक सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम हैलो डाक्टर दीदी एवं संभव अभियान का शुभारम्भ प्रभारी जिलाधिकारी महोदय द्वारा फीता काटकर, हरी झण्डी दिखाकर रैली को संगम सभागार से रवाना की गई। बैठक में हैलो डाक्टर दीदी कार्यक्रम के क्रियान्वयन एवं मुख्य उद्देश्य के बारे में जिला समन्वयक श्री अवधेश कुमार यादव द्वारा विस्तार से बताया गया, जिसपर जनपद में सभी संबंधित विभागों से समुचित सहयोग दिये जाने के लिए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया। संभव अभियान में माह सितम्बर, 2024 तक सभी सैम एवं मैम बच्चों का चिन्हांकन करते हुए ई-कवच पोर्टल पर स्वास्थ्य विभाग के एएनएम के आईडी से फीड किये जाने का निर्णय लेते हुए कोई भी बच्चा वजन लिये जाने से न छूटे, इसके लिए बाल विकास विभाग को जिम्मेदारी सौपते हुए हैलो डाक्टर दीदी एवं पोषण भी पढ़ाई भी से संबंधित रॉकेट लर्निंग की टीम को सहयोग देने हेतु निर्देशित किया गया। पोषण भी पढ़ाई भी एवं संभव अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत 20 अगस्त 2024 से सेक्टरवार प्रशिक्षण कराये जाने का निर्णय लिया गया, जिसमें आशा, एएनएम एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का संयुक्त प्रशिक्षण कराया जायेगा ताकि सैम एवं मैम बच्चों का प्रबंधन एवं उनका सुधरीकरण किया जा सके। पोषण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी जिलाधिकारी श्री गौरव कुमार द्वारा निर्देशित किया गया कि वीएचएसएनडी सत्रों में वजन मशीन की उपलब्धता अनिवार्य रूप से आंगनबाड़ी कार्यकत्री रखें तथा मेजरिंग इफिसियेंसी जनपद का 99 प्रतिशत तक माह अगस्त 2024 में लाया जाना सुनिश्चित किया जाय एवं जिन परियोजनाओं में वजन मशीन की उपलब्धता उक्त सत्रों में 80 प्रतिशत से कम पायी जाय उन पर कार्यवाही करते हुए बाल विकास परियोजना अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाय। ई-कवच पोर्टल पर फीडिंग एवं दवाओं की उपलब्धता हेतु स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी निर्धारित की जाय। इसी प्रकार आरबीएसके की टीम को आंगनबाड़ी केन्द्रों के भ्रमण पर भेजा जाना स्वास्थ्य विभाग सुनिश्चित करें। नये एनआरसी को इसी माह क्रियाशील भी कराया जाय इस हेतु स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री दिनेश सिंह द्वारा समीक्षा करायी गई, जिसमें डीसी एनआरएलएम, डीसी मनरेगा, जिला पूर्ति अधिकारी, डिप्टी आरएमओ, एसीएमओ, सहायक जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा के प्रतिनिधियों सहित समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, जिला समन्वयक हैलो डाक्टर दीदी व रॉकेट लर्निंग एवं यूनिसेफ के मंडल प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# जगन्नाथपुर उपचुनाव में प्रधान चुनी गई शांति

## इटौरी की बागडोर राजेश के हाथ, अमावां से धीरेन्द्र निर्विरोध बने बीडीसी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील क्षेत्र के लालगंज व लक्ष्मणपुर में दो ग्राम पंचायतों में प्रधान पद पर हुए उप-चुनाव की मतगणना पुलिस के घेरे में सकुशल संपन्न हुई।विकास खंड परिसर में सुबह से ही गहमागहमी का माहौद्रल देखने को मिला।

स्थानीय विकास खंड के जगन्नाथपुर गांव में हुए त्रिस्तरीय पंचायत प्रधान पद के उप-चुनाव की मतगणना सुबह आठ के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई।लगभग तीन घंटे चली मतगणना के बाद निर्वाचन अधिकारी ने परिणाम को घोषित किया। कुल पड़े मत 1225 में शांति देवी को 669 मत, प्रमिला यादव को 447 मत व अनीता तिवारी को 86 मत मिले। शांति देवी को 222 मतों से निर्वाचन अधिकारी ने विजयी घोषित करते हुए प्रमाण पत्र सौंपा। वहीं लक्ष्मणपुर के इटौरी में प्रधान पद के उप-चुनाव में राजेश कुमार सिंह व सत्येंद्र नाथ मिश्र के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। राजेश 6 मतों से चुनाव में जीत हासिल की,लेकिन सत्येंद्र नाथ की मांग पर पुनर्मतगणना हुई जिसमे राजेश को 407 मत मिले। वह अपने निकटतम प्रतिद्वंदी सत्येंद्र नाथ मिश्र को 10 मतों से पराजित कर दिया। लालगंज के अमांवा क्षेत्र पंचायत सदस्य के उप-चुनाव में मात्र धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय का ही नामांकन पत्र दाखिल होने के कारण उन्हे निर्विरोध बीडीसी निर्वाचित घोषित किया गया। सगरा सुंदरपुर मे 15 वार्ड से सदस्य पद के उपचुनाव में जाकिर अली ने 110 मत हासिल कर अपने प्रतिद्वन्दी गिरधारी लाल को 43 मतो से पराजित किया। जीत की खबर मिलते ही ब्लॉक के बाहर खड़े समर्थकों के बीच खुशी की लहर दौड़ गयी।



जीत का प्रमाण पत्र लेतीं नवनिर्वाचित प्रधान शांति।

### जमीनी रंजिश को लेकर मार-पीट व तोड़फोड़ का आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जमीनी रंजिश को लेकर मार-पीट व तोड़फोड़ का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की गई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के डेईडीह धौरहरा गांव की रहने वाली वाले विजय जायसवाल ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि जमीनी रंजिश को लेकर गुरुवार को 10 बजे विपक्षी एक राय होकर लाठी डंडा लेकर उसके घर पर आए गालियां देते हुए मार-पीट करने लगे। आरोप है कि उसकी गाड़ी को तोड़ दिया गया। विपक्षी गालियां देते हुए जान से मार देने की धमकी दी और घर पर ईट पत्थर बरसाए। पीड़ित मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की छान-बीन में जुटी हुई है। इस संबंध में कोतवाल आलोक कुमार का कहना है की प्रार्थना पत्र मिला है। मामले की जांच की जा रही है।

## रिक्त पड़ी क्षेत्र पंचायत सदस्य की सीट पर राम सुमेर हुए विजयी

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास् खंड कालाक़ाकांकर की ग्राम पंचायत करमगंज के क्षेत्र पंचायत 45-अंतामऊ की मौत के कारण रिक्त पड़ी सीट पर बुधवार को सम्पन्न हुए चुनाव मे गुरुवार को ब्लाक मुख्यालय के सभागार कक्ष में मतगणना की गिनती शुरु की गई जिसमें आर ओ अरविंद श्रीवास्तव की देखरेख में राम सुमेर पटेल को 400 मत व दूसरे नंबर पर रहे संतलाल को 272 मत मिला तीसरे नंबर पर बीरेंद्र को 92 मत से संतोष करना पड़ा जिसमें 128 मतों से राम सुमेर पटेल को आर ओ अरविंद श्रीवास्तव ने विजयी घोषित कर प्रमाण पत्र दिया। इस मौके पर गांव के लोग भारी संख्या मे मौजूद रहे। क्षेत्र पंचायत सदस्य राम सुमेर पटेल को प्रमाण पत्र मिलते ही चेहरे पर खुशी की छलक दिखाई दी। प्रमाण पत्र मिलने पर खंड विकास अधिकारी प्रवीन कुमार श्रीवास्तव व एडीओ पंचायत सुशील कुमार जायसवाल ने राम सुमेर पटेल को अपनी शुभकामनाए दिया। इस मौके पर ब्लाक के समस्त स्टॉफ व कर्मचारी लोग मौजूद रहे।



जीत का प्रमाण पत्र देते आरओ अरविन्द श्रीवास्तव।

## अस्थान चौकी क्षेत्र मे दुकान की शटर का ताला तोड़कर चोरी

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगज थाना क्षेत्र के अस्थान चौकी के निकट अस्थान पूरे गोलहन का पुरवा गांव में बुधवार की बीती रात अज्ञात चोरों ने देवता दीन पाल पुत्र भगवत प्रसाद की परचून की दुकान का शटर का ताला तोड़कर अंदर रखा 15 हजार रुपया नकदी व किराने का महंगा सामान चुरा ले गये गुरुवार की सुबह जब दुकानदार देवता दीन दुकान खोलने पहुचा तो शटर का ताला टूटा देखकर हड़बड़ा गया ग्रामीणो की भीड़ जमा हो गई। चोरी गये सामान की कीमत लगभग 20 से 25 हजार रुपया बताया है। चोरी की घटना से ग्रामीणो मे भय व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि पास मे पुलिस चौकी अस्थान होते हुये भी चोरो ने बेखौफ़ होकर घटना को अंजाम दिया है आस पास के चोरो के आतंक से ग्रामवासी लोग दहशत मे रात भर सो नही पा रहे है।

## सीएमओ ने सीएचसी का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ जनपद के नवगत सीएमओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी का गुरुवार को औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान चिकित्सकों में हड़कंप मचा रहा। बता दें गुरुवर की दोपहर 12 बजे प्रतापगढ़ जनपद के सीएमओ डॉक्टर अच्युत नारायण प्रसाद अचानक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी आ धमके। इस दौरान उन्होंने सीएचसी परिसर में जल जमाव की समस्या को गंभीरता से लेते हुए अधिशासी अधिकारी से बात कर निराकरण के निर्देश मातहतों को दिए। वही सीएससी के सभी वार्डो का निरीक्षण करने के साथ ही दवाओं की उपलब्धता की भी हकीकत जांची। मीडिया से बातचीत के दौरान सीएमओ ने बताया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आसपास स्थित पैथोलॉजी सेंटरों की जल्द ही जांच कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं सीएमओ के निरीक्षण के दौरान अस्पताल पहुंचे मरीज और तीमारदारों को करीब आधे घंटे तक चिकित्सकों की उपलब्धता चेंबर में न होने के चलते दिक्कतों का सामना करना पड़ा। निरीक्षण के दौरान दीपक, मोहमद नाजीम, सीएचसी पट्टी के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अखिलेश जायसवाल, डॉ नीरज सिंह, डॉ पंकज कुमार के साथ समस्त स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।



सीएचसी का निरीक्षण करते सीएमओ अच्युत नारायण प्रसाद।

## परियावा-लवाना मार्ग पर बारिश से सड़क पर भरा पानी

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज-लखनऊ नेशनल हाइवे से जुड़ा परियावां लवाना लिंक मार्ग की सड़क परियावां मुस्लिम बस्ती मदरसा स्कूल अंसारगंज बाजार अस्थान नहर पुल से लेकर अदलाबाद लवाना तक की सड़क पर जगह जगह जानलेवा गड्डे हो गये है गुरुवार को हुई लवाना क्षेत्र मे जोरदार वारिश के चलते लवाना परियावा सड़क पर लबालब पानी भर गया है जिसकी निकासी का कोई रास्ता नही है पानी का निकास न होने से सड़क पर गड्डा होने से पानी भर गया है जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। जब कि बारिश शुरु होने के पहले प्रदेश की योगी सरकार ने लोक निर्माण विभाग को सख्त निर्देश दिये थे कि वारिश के पहले गड्डा मुक्त सड़क हो जानी चाहिए कागजो पर खाना पूर्ति की शिकायत मिली तो जिम्मेदार अधिकारी की खैर नही है लेकिन यहां पर मुख्यमंत्री के कडे आदेश के बाबजूद भी लोक निर्माण विभाग वही पुराना रवैया अखित्यार किये हुए है मुख्यमंत्री के निर्देश को ताक पर रखकर गड्डा मुक्त सड़को की फर्जी रिपोर्ट लगाकर सरकार को गुमराह के साथ बदनाम कर रहे है जिसका खामियाजा क्षेत्र की जनता को भुगतना पड़ रहा हैं। आलम यह है कि यदि हल्की भी बरसात हो जाती हो तो सड़क की गड्डो मे पानी भर जाता है जिस पर नौनिहाल बच्चे सड़क पर से गुजरते समय गिरकर चोटहिल हो जाते है। क्षेत्र वासियो ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के साथ जिलाधिकारी राजीव रंजन का परियावां लवाना मार्ग की जगह जगह गड्डो मे तब्दील हुई परियावां लवाना मार्ग की तरफ ध्यान आकृस्ट कराया है। सड़को पर जानलेवा गड्डो से स्थानीय लोगो मे आक्रोश है।

### विपक्षियों ने युवक को लाठी से पीटा, तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मामूली बात पर विपक्षियों ने युवक को लाठी से पीट कर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के रूर गांव के रहने वाले प्रमोद सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि बुधवार की शाम पड़ोसियों से बात विवाद हो गया। जिससे खुन्नस खाए पड़ोसी विपक्षियों ने उसकी लाठी से जमकर पिटाई की जिससे उसका सर फट गया। पीड़ित ने मामले की नामजद तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। वही पीड़ित का आरोप है की चोट लगने के बावजूद भी उसका मेडिकल नहीं कराया गया और शांति भंग में चालान कर दिया गया।

### जीजीआईसी में शुरु हई डीएलएड की परीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** डीएलएड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ में केंद्र व्यवस्थापक डॉ मोहम्मद अनीस के नेतृत्व में दो पारियों में सुचिता पूर्ण शांतिपूर्ण एवं नकल भी संपन्न हुई। प्रशासनिक पर्यवेक्षक में आरबी विश्वकर्मा जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रतापगढ़, डाइट से पर्यवेक्षक के रूप में शिक्षा यादव, प्रवक्ता माध्यमिक शिक्षा विभाग से पूनम श्रीवास्तव प्रधानाचार्य राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरनापुर प्रतापगढ़ रही। कुल पंजीकृत छात्राएं 520 रही जिसमें अनुपस्थित 15 विद्यार्थी रहे। परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण आर पी सरोज सह जिला विद्यालय निरीक्षक व उप प्राचार्य डाइट यादव ने किया।

## व्यापारियों ने अशोक आहूजा को याद किया उनकी पुण्यतिथि पर

### नपा के ईओ ने बताया व्यापारियों की अच्छी सोच

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के ़जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी के अध्यक्षता व नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी राकेश कुमार की उपस्थिति में व्यापार मंडल प्रतापगढ़ के संस्थापक अशोक कुमार आहूजा की पुण्य स्मृति, अटल उद्यान, बाबागंज कालोनी में बैठक हुई। इस दौरान एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन ज़िला महामंत्री संजय सोनी ने किया।

अटल उद्यान में कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई को स्मरण कर स्थापित उनकी मूर्ति पर जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी द्वारा फूलों की माला अर्पण कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका के ईओ राकेश कुमार ने कहा कि व्यापारियों द्वारा अपने पुराने साथियों को याद किया जाना एक अच्छी परम्परा है। इससे लोगों को अपने पूर्व पदाधिकारियों के बारे में पूरी जानकारी मिलती है। इस दौरान व्यापारियों ने अशोक आहूजा सहित व्यापार मंडल के सभी पुण्यात्माओं के त्याग तपस्या समर्पण को स्मरण कर उनके द्वारा किए गए और बताए हुए नेक पद चिन्हों पर चलकर व्यापारीहित व समाजहित में कार्य करने को कहा।इस मौके पर उद्योग मंच अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शुक्ला, रामेश्वर उमरवैश्य, प्रांतीय संगठन मंत्री प्रमोद केसरवानी, बार एसोसिएशन पूर्व अध्यक्ष संतोष तिवारी, सभासद अशीष जायसवाल, नारायण खंडेलवाल, राहुल केसरवानी, सरदार महेन्द्र सिंह, सरदार कुलविन्दर सिंह, सुधीर केसरवानी, विष्णु सिंह, प्रदीप यादव, शकील अख्तर, पवन अग्रवाल, मनीष केसरवानी (गुन्जन), केसरीलाल मौर्य, शिवकुमार सोनी, अनिल कुमार मौर्य, सतीश सोनी, अशोक केसरवानी, श्याम शंकर सिंह, चंद्र पाल, महेश सोनी, सरदार वसिंदर सिंह, विजय केसरवानी, अब्दुल कदीर, अश्वनी केसरवानी, राहुल श्याम गुप्ता, दिनेश केसरवानी, इफ्तिखार बॉबी, विनय सिंह, योगेश खंडेलवाल, मुन्ना मनोज कुमार गुप्ता आदि अन्य अनेक पदाधिकारी एवं व्यापारी बंधु उपस्थित रहे।



अटल बिहारी की मूर्ति पर माल्यार्पण करते व्यापार मण्डल के पदाधिकारी

### बांग्लादेश में हिंसा को लेकर अधिवक्ताओं ने जताया आक्रोश, राष्ट्रपति को संबोधित सौंपा ज्ञापन

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पडोसी देश बांग्लादेश में लगातार हो रही हिंसा को लेकर गुरूवार को यहां अधिवक्ताओं में आक्रोश दिखा। खासकर वहां हिन्दुओं की हिंसा में हत्या तथा हिन्दू मंदिरों को जलाए जाने के साथ हिन्दू देवी-देवताओं की मूर्तियों को खण्डित करने को लेकर वकील कुपित दिखे। अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी भी की। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह तथा पूर्व अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित एसडीएम शैलेन्द्र कुमार वर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने बांग्लादेश में हिन्दुओं की सुरक्षा और मन्दिरों पर हो रहे हमलों की रोकथाम के लिए भारत सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। पूर्व अध्यक्ष अनिल महेश ने कहा कि बांग्लादेश में खुलेआम हिन्दू समुदाय पर हो रहा हमला और मन्दिरों मे आगजनी की घटनाओं से समूचे देश में आक्रोश और गुस्सा है। अध्यक्ष संदीप सिंह ने सरकार से बांग्लादेश में रह रहे हिन्दू समुदाय की सुरक्षा को लेकर सरकार से प्रभावी कदम उठाने की मांग की। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकर नाथ शुक्ला, उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी, महामंत्री सूर्यकांत निराला, बीडी पटेल, विपिन शुक्ला, देवी प्रसाद मिश्र, गिरजाकांत द्विवेदी, प्रमोद सिंह, घनश्याम सरोज, विकास मिश्र, राजेश तिवारी, सत्येन्द्र श्रीवास्तव आदि अधिवक्ता रहे।

### जमीन पर बाड़ लगाने को लेकर हुआ विवाद, पीड़ित ने दी तहरीर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जमीन पर बाड़ लगाने को लेकर हुए विवाद में पीड़ित पर जानलेवा हमले का प्रयास हुआ। घटना को लेकर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के धारूपुर नया पुरवा निवासी मो. अकील पुत्र शौकत अली ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसने अपने बैनामे की जमीन पर मेड़ बंधवा रखा है। बीते छः अगस्त को शाम करीब सात बजे वह उसी जमीन के मेड़ के ऊपर बांस व तार के जरिए बाड़ लगा रहा था। आरोप है कि गांव के कुछ लोग वहां पहुंचे और बाड़ लगाने का विरोध करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने जान से मारने का प्रयास किया लेकिन पीड़ित ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। पीड़ित ने घटना की सूचना एक सौ बारह डायल पुलिस को दिया। आरोपी पीड़ित को जान से मारने की ऐलानियां धमकी दे रहे हैं। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर निकालेगी मौन जुलूस

### 11 से शुरु होगा घर-घर तिरंगा का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भाजपा के जिला प्रभारी कौशलेन्द्र पटेल ने आज लोक निर्माण विभाग के डाक बंगले में आयोजित एक प्रेसवार्ता में कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 112वें संस्करण में कहा कि 15 अगस्त का दिन अब दूर नहीं है और अब तो 15 अगस्त के साथ एक और अभियान जुड़ गया है, हर घर तिरंगा अभियान।

उन्होंने कहा कि पार्टी ने उत्तर प्रदेश में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के दिन हर घर तिरंगा के संकल्प के साथ अभियान की विस्तृत रूपरेखा पार्टी ने तैयार की है, जिसके तहत 11, 12, व 13 अगस्त को प्रत्येक विधानसभा में तिरंगा यात्रा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता निकालेंगे। इसके साथ ही 12 से 14 अगस्त, 2024 तक पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर महापुरुषों की प्रतिमाओं एवं स्मारकों के आस पास स्वच्छता का कार्यक्रम चलायेंगे एवं अमर बलिदानियों, महापुरूषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करके कृतज्ञ नमन करेंगे। इस क्रम में 13, 14 व 15 अगस्त, 2024 को प्रत्येक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जन-जन से सम्पर्क करके प्रत्येक घर एवं व्यवसायिक केन्द्रों पर तिरंगा फहराने हेतु अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। पार्टी 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर प्रत्येक जनपद में गोष्ठी का आयोजन करेगी और विभाजन की त्रासदी पर चर्चा करेगी। इसके साथ ही पार्टी विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर मौन जुलूस भी निकालेगी तथा विभाजन की विभीषिका पर प्रदर्शनी के माध्यम से भी नागरिकों के समक्ष चर्चा की जाएगी। प्रेसवार्ता में जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, जिला प्रवक्ता राघवेन्द्र शुक्ल देवेश त्रिपाठी सह मीडिया प्रभारी राजेश सिंह पवन गौतम उपस्थित रहे।



प्रेसवार्ता में बोलते जिला प्रभारी कौशलेन्द्र पटेल।

### तीन शातिर चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चोरों की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन व चोरी के सामान बरामद किए हैं। बता दें कोतवाली क्षेत्र के वनपुरवा स्थित टावर पर चोरी की शिकायत अमरेंद्र सिंह टेक्नीशियन ने कोतवाली पुलिस से करते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल कर रही थी इस दौरान मुखबिर खास ने पुलिस को सूचना दी की तीन शातिर चोर इलाके में चोरी की फिराक में चार पहिया वाहन से घूम रहे हैं। सूचना मिलने पर थाने के उपनिरीक्षक रमिल कुमार, उपनिरीक्षक रोहित यादव माया हमराह कांस्टेबल के हरि, रामारतन मिश्रा आदि द्वारा घेराबंदी कर तीन शातिर चोरों को अमरपुर मोड़ के समीप से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी सोनू पाल, अनिल पाल निवासी लखपेड़ा भवानीगंज कोटा थाना महेशगंज व रविंद्र मौर्य निवासी मालपुर थाना कादीपुर जनपद सुलतानपुर को गिरफ्तार कर लिया। उक्त तीनों आरोपियों की निशान देही पर पुलिस ने चोरी की 16 बैटरी, पांच कैबिनेट व घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन बरामद किया है। दर्ज मुकदमे में माल बरामदगी की धारा बढ़ोतरी करते हुए पुलिस ने तीनों आरोपियों को जेल भेजा है।

## काकोरी काण्ड की वर्षगांठ पर नपा कर्मियों ने किया ब्लड डोनेट

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** काकोरी काण्ड की सौंवी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में नगर पालिका परिसर में गुरुवार की सायं चार बजे से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इसमें जिलाधिकारी/प्रशासन नगर पालिका संजीव रंजन व नगर पालिका के ईओ राकेश कुमार के निर्देशन में आयोजित इस रक्तदान शिविर में राजकीय मेडिकल कालेज अस्पताल से आए ब्लड बैंक विभाग के डा0 विपिन ने अपनी टीम के साथ सहयोग किया। समाचार भेजे जाने तक नगर पालिका के खाद्य सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, स्वच्छ भारत ब्राण्ड अम्बेडकर रमेश कुमार मौर्या के अलावा नगर पालिका के कर्मचारी अविनाश शुक्ल, चंदन कुमार, साहब लाल, अजीत कुमार, अरविन्द कुमार आदि ब्लड डोनेशन कर चुके थे। ब्लड डोनेशन का कार्य शाम छह बजे तक जारी रहा।



नगर पालिका सभागार में ब्लड डोनेट करते सफाई निरीक्षव।


### अंतिम संस्कार न करने पर अड़े परिजन, लगाया जाम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली के पूरे वीरबल बेनी का पुरवा में बुधवार को पानी भरे गडढे में डूबने से दो सगे भाईयों की मौत हो गयी थी। घटना को लेकर गुरूवार को परिवार के लोगों व ग्रामीणों ने शव दफन करने से इंकार कर दिया। अवैध खनन से बने गडढे को पाटने और बाउण्ड्रीवाल कराने की मांग को लेकर आक्रोशित लोगों ने शव को सडक पर रखकर जाम लगा दिया। पुलिस के खासी मानमनौवल के बाद लोग किसी तरह माने। तब जाकर एक ही कब्र में दोनों भाईयों का शव दफन किया गया। लालगंज कोतवाली के पूरे वीरबल बेनी का पुरवा में बुधवार को दोपहर गांव निवासी देवराज यादव के पुत्र अमन 15 व अनुज 08 गांव स्थित चारागाह के पास भैंस चराने गये थे। इसी दौरान शौच के लिए जाने पर अनुज का पैर फिसल गया और वह गहरे गडढे में भरे पानी में डूब गया। उसे बचाने में बड़ा भाई अमन भी डूब गया। जानकारी पर लोगों ने दोनों को बाहर निकाला लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। पोस्टमार्टम के बाद रात में शव घर लाया गया।

# बर्थडे पार्टी में शामिल होने आए युवक को उतारा मौत के घाट

अखंड भारत संदेश

## आरोपी मौके से फरार पुलिस ने दर्ज कर लिया मुकदमा



**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के समसपुर गांव में बर्थडे पार्टी में शामिल होने आए युवक को पीटकर मौत के घाट उतार कर आरोपी मौके से फरार हो गए हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बता दें कि सैनी थाना क्षेत्र के रूपनारायण पुर गोरियों गांव का जसवंत कुमार कोरी उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्र स्व शिव धारी लाल 7 अगस्त को अपने ननिहाल चरवा थाना क्षेत्र के समसपुर गांव में बर्थडे पार्टी में शरीक होने आया था। बर्थडे पार्टी में डीजे की धुन पर सभी लोग आपस में नाच रहे थे। मुन्नू पुत्र राजा राम व सचिन व विपिन पुत्रगण स्व इन्द्र जीत निवासी गण ककोढ़ा थाना कोखराज आपस मे खानें पीने की बात कर रहे थे। खानें पीने की बात को लेकर सभी लोग जसवंत को गाली-गलौज करने लगे। जसवंत ने गाली-गलौज का विरोध किया तो सभी लोग एकजुट होकर जसवंत को ईंट व डण्डा से मारने लगे जिससे जसवंत के सिर में गम्भीर चोटें आने के कारण खून से लथपथ की हालत में बेहोश पड़ा रहा। परिजनों को जानकारी हुई तो मौके पर पहुंच कर आनन-फानन की हालत में जसवंत को निजी साधन से इलाज हेतु प्रयागराज लेकर जा रहे थे लेकिन रास्ते में मौत हो गई है। मृतक के भाई चन्द्र कान्त ने चरवा थाना पहुंच कर नाम जद तीन लोगों के विरुद्ध लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही करने कि मांग किया है। चरवा पुलिस शिकायती प्रार्थना पत्र पाकर नामजद लोगों के विरुद्ध गम्भीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर डेड बॉडी को पंचायत नामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चरवा पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। मृतक के छोटे-छोटे तीन बच्चे हैं। मृतक के परिजनों का रो - रोकर बुरा हाल है।

## रेलवे ट्रैक पर युवक का पड़ा मिला शव



**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के दालियान पुर गांव के सामने रेलवे ट्रैक पर युवक का क्षत- विक्षत शव पड़ा देख मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गयी है। लोगों ने चरवा पुलिस को सूचना दिए चरवा पुलिस मौके पर पहुंच कर लोगों के द्वारा शव कि शिनाख्त करवाई तो सन्तोष कुमार कोरी पुत्र स्व० राम स्वरूप कोरी निवासी समसपुर थाना चरवा के रूप में पहचान हुई है। मृतक बुधवार की शाम को घर से बिना किसी से बताए निकला था। परिजनों ने देर शाम से ही मृतक की खोज बीन कर रहे थे परन्तु मृतक का कोई पता नहीं चल पाया था। दालियान पुर गांव के लोगों ने सुबह शौच क्रिया करने के लिए खेतों की तरफ गए तो देखा रेलवे ट्रैक के किनारे युवक का शव क्षत-विक्षत पड़ा दिखाई दिया तो लोगों में चर्चा का विषय बन गया। चरवा पुलिस मौके पर पहुंच कर शव का पंचायत नामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए मंझनपुर भेज दिया है। मृतक के तीन छोटे छोटे बच्चे हैं। मृतक के परिजन हाल बेहाल है।

## रेल लाइन पर मिली अधेड़ की लाश



**कोखराज कौशाम्बी।** भरवारी मनोहरगंज के बीच गुरुवार की सुबह 5 बजे खंभा नंबर 861/1719 पर पुरानी बाजार भरवारी वार्ड नं 23 निवासी सुखलाल पुत्र रामदुलारे उम्र लगभग 55 वर्ष की लाश मिली है पुलिस का कहना है कि अज्ञात ट्रेन से टकराने के कारण मृत्यु हो गई है अग्रिम कार्यवाही पुलिस चौकी भरवारी द्वारा की जा रही है।

# अषाढा पेट्रोल टंकी से छिमिरछा मुख्य मार्ग 2 वर्षों से जलमग्न

**महेवाघाट कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के अषाढा पेट्रोल टँकी से छिमिरिछा मुख्य मार्ग में बीते दो वर्षों से लगातार जल भराव रहता है 1 वर्ष पहले इस सड़क का निर्माण कराया गया था लेकिन ठेकेदारों की घटिया सोच के चलते सड़क मानक के अनुसार नहीं बनाई गई विभागीय अधिकारी भी तमाशा देखते रह गए घटिया निर्माण करने के चलते कुछ दिनों में ही यह सड़क पूरी तरह से खराब हो गई है सड़क खराब होने के बाद भी विभागीय अधिकारी मामले में लीपा पोती करने में जुटे हैं जबकि घटिया निर्माण करने वाले ठेकेदार के निर्माण की जांच कर ठेकेदार से निर्माण की रकम वसूली कराए जाने की जरूरत है लेकिन एक साल बीत चुके हैं अभी तक ना तो सड़क निर्माण की जांच कराई गई है और अभी तक ना तो सड़क निर्माण की लागत की वसूली ठेकेदार से कराई गई है जिससे सड़क निर्माण से जुड़े अधिकारियों की मंशा का अंदाजा लगाया जा सकता है विभागीय भ्रष्टाचार के चलते सड़क कुछ समय में ही खराब हुई है खराब सड़क में लगातार जलभराव रहता है जिससे दुर्घटनाएं होती हैं खराब सड़क के चलते आमजन को इस सड़क पर आने-जाने में परेशानी होती है ठेकेदार की लापरवाही से एक साल के अंदर यह सड़क उखड़ गई है क्षेत्र के लोगों ने जिला अधिकारी का ध्यान आकर्षित करते हुए सड़क निर्माण की जांच कराए जाने ठेकेदार विभागीय अधिकारियों को दंडित किए जाने के साथ-साथ सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग की है।



सड़क निर्माण की जांच कराए जाने ठेकेदार विभागीय अधिकारियों को दंडित किए जाने के साथ-साथ सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग

## लूट का अड्डा बना आधार कार्ड संशोधन केन्द्र

### सांसद पुष्पेंद्र सरोज ने डीएम को लिखा पत्र

**भरवारी कौशाम्बी।** आधार कार्ड संशोधन केंद्र लूट का अड्डा बन गया है जहां खुले आम लूट हो रही है आधार कार्ड संशोधन के नाम पर बैंकों व चयनित सेंटरों में ग्रामीणों को लूटा जा रहा है। आधार संशोधन के लिए 50 रुपया शुल्क निर्धारित है, लेकिन ग्रामीणों से 150 से 300 रुपया तक की खुलेआम वसूली हो रही है। केंद्र चलाने वाले लोग बेखौफ है इन्हें अधिकारियों का भय नहीं है इस पर समाजवादी पार्टी के सांसद पुष्पेंद्र सरोज ने नाराजगी जाहिर की है। सांसद ने गांवों में कैंप लगवाकर आधार संशोधन के लिए डीएम को पत्र भेजा है। कौशाम्बी जिले में पात्र गृहस्थी राशन कार्ड व अन्त्योदय राशन कार्ड धारकों के परिवार के सदस्यों का नए सिरे से वेरिफिकेशन हों रहा है,जिसके लिए सभी सदस्यों का फिंगर फीड किया जा रहा है। इसके लिए आधार संशोधन केंद्रों में लोगों की भीड़ लग रही है। राशन कार्ड धारक अपने परिवार के सभी सदस्यों को लेकर संशोधन केंद्र पहुंच रहे हैं। सुबह से ही केंद्रों में लोगों की भीड़ लग जा रही है। भीड़ को देखते हुए लोगों ने अब वसूली शुरू कर दी है। इस मामले को देखते हुए सपा सांसद पुष्पेंद्र सरोज ने मामले को गंभीरता से लिया है।ग्रामीणों से हो रही वसूली पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की है। उनका कहना है कि दूर-दराज से लोग भाड़ा खर्च कर आधार संशोधन के लिए आ रहे हैं और उनसे खुलेआम वसूली हो रही है।

# भरवारी स्टेशन पर आधा दर्जन ट्रेनों के ठहराव की सांसद से मांग

**भरवारी कौशाम्बी** बढ़ते व्यापार के बाद भी रेलवे ने ट्रेन का ठहराव भरवारी स्टेशन पर नहीं बढ़ाया है जिससे भरवारी के व्यापारियों को कानपुर दिल्ली कोलकाता लुधियाना पंजाब आदि शहरों में व्यापार करने में दिक्कतें होती है क्षेत्र के लाखों मजदूर रोजी-रोटी के लिए अन्य शहरों प्रदेशो में भी जाते हैं उन्हें भी ट्रेन की संख्या कम होने से दिक्कत होती है भरवारी के व्यापारियों ने सांसद पुष्पेंद्र सरोज से भरवारी रेलवे स्टेशन पर आधा दर्जन ट्रेनों के अतिरिक्त ठहराव की मांग की है नगर पालिका परिषद वासियों ने सांसद कौशाम्बी पुष्पेन्द्र सरोज से भरवारी में अन्य रेल गाड़ियों के ठहराव की मांग करते हुए कहां की ट्रेनों का ठहराव होने के बाद मजदूर किसान व्यापारी सभी को सुविधा होगी जिले का विकास होगा आम जनता खुशहाल होगी भरवारी वासियों ने कहा कि जो ट्रेनों का अभी स्टॉपेज है वह पर्याप्त नहीं है उससे आवागमन के संसाधन नहीं पूरे होते हैं भरवारी और क्षेत्र के विकास को देखते हुए भरवारी रेलवे स्टेशन पर अन्य ट्रेनों के ठहराव किए जाने की जरूरत है भरवारी के लोगो ने कहा कि रीवा आनंद विहार अप एंड डाउन वा कालिंद्री एक्सप्रेस दिल्ली सी फरुखा बाद होते हुए प्रयाग राज को आने वालीं तथा मूरी एक्सप्रेस हटिया से जम्मूतवी एक्सप्रेस अप एंड डाउन को भरवारी रेलबे स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित किया जाए रीवा एक्सप्रेस जो कि सिराथू रेलबे स्टेशन पर रुकती है जबकि भरवारी रेलवे स्टेशन उसी रूट पर है रीवा एक्सप्रेस सहित अन्य कई ट्रेनों को भरवारी रेलवे स्टेशन पर अप और डाउन दोनों तरफ से रोकने की मांग की हैं ट्रेनों के ठहराव की मांग करने वालो में सुरेश लोहा राकेश अरोड़ा अतिन केसरवानी सतीश केसरवानी सुनील केसरवानी शैलेश केसरवानी अशोक केसरवानी ओम प्रकाश केशरी तथा राजू सक्सेना पत्रकार आदि लोगों ने सांसद पुस्पेंद्र सरोज से भरवारी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन ठहराव की मांग की है यात्रियों को सुविधाओं को देखते हुए जिन ट्रेनों के स्टापेज की मांग की गई है उनमें 14118 एवम 14117 भिवानी जंक्शन से प्रयाग राज एक्सप्रेस वा 18102 मूरी जम्मू तवी एवम 18101मूरी जम्मू तवी से कानपुर होते हुए प्रयाग राज वा 12428 रीवा से दिल्ली एवम 12427 रीवा से दिल्ली शामिल है।

# विनेश फोगाट के साथ खड़ा है पूरा देश : कांग्रेस

## धरना प्रदर्शन कर कांग्रेस नेताओं ने महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन दिया




**कौशाम्बी।** जिला कांग्रेस कमेटी कौशांबी के जिला अध्यक्ष गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने कुश्ती की स्टार भारत की शान विनेश फोगाट के साथ हुई धांधली के खिलाफ जिला अक्धिकारी कौशांबी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन दिया है। इस दौरान कौशांबी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गौरव पांडेय ने कहा की जिस प्रकार कुश्ती जगत की एक नई पहचान विनेश फोगाट ने एक दिन में तीन कुश्ती के महान व्यक्तियों को चित कर भारत का नाम विश्व पटल पर रोशन किया है यह बहुत ही हर्ष की बात है आज पूरा देश विनेश फोगाट के साथ खड़ा है बहुत ही दुःख का यह कारण है कि कुश्ती की स्टार गहरी साजिश का शिकार हुई है जिस प्रकार से उनको दूसरे दिन 100 ग्राम वेट ज्यादा होने के कारण उनको फाइनल मैच से बाहर कर दिया गया है यह बहुत ही निंदनीय है मैं इसका पुरजोर विरोध करता हूं और सत्ता और सरकार को यह बताना चाहता हूं कि विनेश फोगाट के साथ आज पूरा देश खड़ा है ! इस दौरान बांदा के कोऑर्डिनेटर राम बहादुर त्रिपाठी ने कहा आज पूरा देश विनेश फोगाट के साथ उनकी हर लड़ाई में उनके साथ खड़ा है कुश्ती जगत की उस महान खिलाड़ी के साथ जो हुआ वह बहुत ही गलत है हम जिला कांग्रेस कमेटी कौशांबी के लोग इसका पुरजोर विरोध करते हैं। ज्ञापन कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष अलकमा उस्मानी ,आशीष मिश्रा पप्पू, सेवादल अध्यक्ष सुरेंद्र शुक्ला, एनएसयूआई अध्यक्ष अमित द्विवेदी ,आदिल जाफरी सम्मू ,कौशलेश द्विवेदी, मोहम्मद आरिज ,देवेश श्रीवास्तव, शशि प्रसाद त्रिपाठी, दीपक पांडेय बाबूजी सचिन पांडेय, उदय यादव, शाहरुख, नैयर रिजवी मोहम्मद फरमान ,नुरूत जमा, हरिशंकर सिंह ,राम प्रकाश पांडा, प्रमोद पाल, सैफ मंसूरी, मोहम्मद बिलाल, रामप्रकाश, मोहम्मद अब्बान, मोहम्मद असलम, मोहम्मद अजमल, गुलाम जिलानी, अशरफ अली, मुजीब अहमद व लगभग सैकड़ों की संख्या में कौशांबी कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे!

# घटिया सामग्री से बनाई गई नाली तेज बारिश में खुली पोल

**महगाव कौशाम्बी।** नगर पंचायत चरवा में घटिया सामग्री का प्रयोग कर बनाई गई नाली तेज बारिश में बह गई जिससे नगर पंचायत के गुणवत्ता की पोल खुल गयी बारिश का पूरा पानी लोगो के घर और निजी अस्पताल में घुस रहा है जिससे जन जीवन प्रभावित हो रहा है बारिश के पानी घुसने के बाद अस्पताल में करंट उतर आया जिससे बड़े मुश्किल से मरीजों की जान बचाई गई है नगर के लोगों का कहना है कि घटिया निर्माण की शिकायत करने पर नगर पंचायत चरवा ईओ धमकी देते हैं नगर पंचायत चरवा में मानक विहीन बनी नाली से बारिस का पानी नगर पंचायत चरवा चौराहा पर स्थित निजी अस्पताल और लोगो के घरों में आए दिन घुस जाता है नगर पंचायत में निमार्णाधीन नाली मानक के आधार पर ना बनाकर मनमानी तरीके से नाली का निर्माण कराया गया है नाली निर्माण की रकम में जमकर हिस्सा बाट हुआ है आधा अधूरा निर्माण के 6 महीने बाद भी अभी पूरा निर्माण नहीं हो पाया जिससे आए दिन अनमोल हॉस्पिटल वा अगल बगल वाले मकानों में बेतादात पानी भर जाता है गुरुवार को तेज बारिश में पानी अनमोल हॉस्पिटल में घुसने लगा पानी के चलते अस्पताल में करंट फैल गया और करंट से एक लोग बुरी तरह घायल है किसी तरह से मरीज की और उनके परिजनों की जान बची मरीजो को जल्दी से जल्द बाहर निकाल कर बचाया गया ऐसे ही होता रहा तो एक न एक दिन बहुत बड़ी घटना हो सकती है तब नगर पंचायत अध्यक्ष जगनारायण वा नगर पंचायत चरवा अधिशाषी अधिकारी ईओ द्वारा करवाए गए घटिया ठेकेदार द्वारा नाली निमार्ण का क्या जवाब होगा आज तक कभी नगर पंचायत अध्यक्ष व ईओ अपना घटिया नाली निर्माण देखने मौके पर नहीं पहुंचे हैं सब मनमानी हो रहा है।

## बरसात का पानी अस्पताल में घुसने से उतरा करंट मुश्किल से बची मरीजों की जान



# चार गांव के सैकड़ो किसानों के खेतों में भरा पानी

## 8 दिन पहले नहर कट जाने के बाद किसानों को करोड़ों रुपए का हुआ नुकसान

**कौशाम्बी।** बड़े-बड़े दावे केवल मीटिंग और बयान बाजी में सिचाई और नहर विभाग के अधिकारी कर रहे हैं लेकिन किसानों की समस्याओं की ओर यह अधिकारी समाधान करते नहीं दिख रहे हैं मंझनपुर तहसील क्षेत्र के बेरौचा माइनर में जोगापुर गौरैये हिसाम बाद गोपसहसा के बीच 8 दिन से नहर कट गई है जिससे चार गांव के सैकड़ो किसानों के सैकड़ो हेक्टेयर खेत की फसल जल मग्न हो गई है पूरा इलाका झील और नदी का शक्ल ले चुका है किसानों की फसल बर्बाद हो रही है किसानों की फसल का अब तक करोड़ों का नुकसान हो चुका है जिससे किसान परेशान है विभाग के अधिकारियों को किसानों ने दर्जनो बार नहर कटने की सूचना दी है लेकिन नहर बिभाग का कोई अधिकारी कर्मचारी किसानों की नही सुन रहा है नहर कट जाने के बाद नहर का पानी अधिकारी नही रोक रहे है जिससे दिन प्रतिदिन किसानों की फसल डूब रही है देखते देखते किसानों की सैकड़ो बीघे फसल डूब गई है जिस काम को 4 घंटे में कर दिया जाना चाहिए उस काम को 8 दिन बाद सिचाई नहर विभाग के अधिकारी नहीं कर सके हैं जिससे इन अधिकारियों को किसानों का दुश्मन कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी इलाके के किसानों ने जिला अधिकारी सहित मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए किसानों की फसल की बबार्दी रोकने और लापरवाह अधिकारियों को निलंबित किए जाने की मांग की है।

# जल निगम नलकूप एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों को सख्त हिदायत

## जिलाधिकारी ने जल निगम, नलकूप एवं सिंचाई की विस्तृत समीक्षा कर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश




**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा गुरुवार को उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जल निगम, नलकूप एवं सिंचाई की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता एवं सहायक अभियंता सिंचाई को निर्देशित किया कि नहरों की साफ-सफाई एवं रोस्टर के अनुसार नहरों में पानी पहुचाने सहित अन्य गतिविधियों का लगातार निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्हांने कहा कि जहॉ कहीं भी नहरो के कटान सम्बन्धी शिकायत प्राप्त होती है उस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए ठीक कराया जाय। उन्हांने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का 02 दिवस के अन्दर निरीक्षण कर लिया जाय, किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन गॉवों में बाढ़ आने की सम्भावना है, उन गॉवों का निरीक्षण कर वहॉ के लोगों एवं प्रधानों को अवगत करायें, जिससे लोगों को आने वाली आपदाओं से बचाया जा सकें। जिलाधिकारी ने नलकूप विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियें को निर्देशित किया कि जो नलकूप खराब है, उन्हें तत्काल ठीक कराकर चालू कराया जाय। इसके साथ ही उन्हांने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि नलकूपों के खराब ट्रान्सफार्मर को निर्धारित समय सीमा के अन्दर के बदलवा दिया जाय, जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाये। जिलाधिकारी ने जल निगम की समीक्षा करते हुए जनपद में बनाये जा रहें ओवर हेड टैंक के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। उन्हांने विकास खण्ड-नेवादा, सरसवां एवं कौशाम्बी में निर्माण कराये जा रहें ओवर हेड टैंक के निर्माण कार्य की प्रगति धीमी पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दियें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्रों में निरन्तर भ्रमणशील रहकर लगातार कार्य की प्रगति प्राप्त करें तथा कार्यदायी संस्थाओं के कार्यों की भी लगातार मॉनीटरिंग करें एवं कार्य की प्रगति में उचित सुधार न होने पर पैनाल्टी लगायें। उन्हांने कहा कि ओवरहेड टैंक के निर्माण कार्य में मैनपॉवर की कमी न होने दी जाय। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहॉ कहीं पर भी ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य अभी तक प्रारम्भ नहीं हुआ है वहॉ पर 02 दिवस के अन्दर कार्य को प्रारम्भ कराया जाय। जिलाधिकारी ने जल निगम, नलकूप एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि किसी भी दशा में आप लोगों का फोन स्विचऑफ नहीं होना चाहिए, आम लोगों की समस्याओं के लिए आप लोग हमेशा तत्पर रहें, फोन रिसीव कर उनकी समस्याओं का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें इस अवसर पर अधिशासी अभियंता सिंचाई जगदीश लाल सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# न्यूज झरोखा

## डीएम मधुसूदन हुल्गी ने मेडिकल कॉलेज में रक्तदान कर रक्तदान शिविर का किया शुभारंभ



**कौशाम्बी।** जिले में दुर्घटना में किसी की खून की कमी से जान न चली जाए,इसके लिए स्वास्थ्य विभाग रक्तदान शिविर का आयोजन करता रहा है।गुरुवार को मेडिकल कॉलेज मंझनपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ करने पहुंचे डीएम मधुसूदन हुल्गी ने स्वयं रक्तदान किया और रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया,डीएम ने अपने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़ कर सहयोग करने की बात कही और उन्हे रक्तदान के प्रति लोगो को जागरूक किया।

## नगर पंचायत में 5 दिन तक चलेगा वेद प्रचार कार्यक्रम : कपूर चंद्र केसरवानी



**अझुवा कौशांबी** आर्य समाज अझुवा बाजार कौशांबी का वेद प्रचार सप्ताह दिनांक 5 अगस्त से 10 अगस्त 2024 तक बड़े धूम धूम से मनाया जा रहा है जिसमें यज्ञ के ब्रह्मा के रूप में आर्य समाज के मंत्री विजय कुमार ने यज्ञ को संपन्न करते हुए वेद के मार्ग पर चलने का उपदेश दिया इस अवसर पर रमेश चंद्र नेताजी द्वारा निरंतर अथर्ववेद का पाठ किया गया तथा अथर्ववेद सहित वेदों की व्याख्या भी की गई उक्त कार्यक्रम में आर्य समाज के प्रमुख पदाधिकारी सहित प्रधान कपूर चंद्र केसरवानी मंत्री संतोष कुमार शिव प्रकाश भीमसेन ज्ञान देव दशरथ लाल स्वामी सोम मनी सभासद रामबाबू मोदनवाल अमृतलाल केसरवानी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों को दिलाई जाए अधिक से अधिक सजा : डीएम-एसपी

### जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने की अभियोजन सम्बन्धी कार्यों की समीक्षा



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा उदयन सभागार में अभियोजन सम्बन्धी कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में संयुक्त निदेशक, अभियोजन ने जुलाई माह के कार्यवृत्त प्रस्तुत किये, जिसमें यह पाया गया कि सत्र-न्यायालय में निस्तारित मुकदमों में सजा का प्रतिशत कम है तथा अधिकांश जमानत स्वीकृत हुई है, जिस पर जिलाधिकारी ने प्रभावी पैरवी करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने सभी अभियोजन अधिकारी एवं शासकीय अधिवक्ताओं को निर्देशित किया कि प्रभावी पैरवी करते हुए अधिक से अधिक सजा दिलायी जाय। इसके साथ ही उन्होंने अभियोजन अधिकारियां को गैगेस्टर ऐक्ट, एस0सी0/एस0टी0, महिला उत्पीड़न और पाक्सों के मामलों में विशेष ध्यान देते हुए प्रभावी पैरवी करने के भी निर्देश दियें।

## जल भराव होने से लोगो के घर मे पानी घुसा



**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील के ब्लाक कौशाम्बी के ऐंगवा उपरहार मे जल का भराव होने से लोगो के घर मे पानी घुसा है कई घर खतरों मे है ग्रामीण परेशान है बरसात में घर गिरने की संभावना बढ़ती जा रही है जिससे लोगों के सामने मुसीबत दिखाई पड़ रही है बारिश का पानी भर जाने से गांव के गरीब लोगों के घर की दीवार छत किसी भी समय गिर सकती हैं फिर भी मजबूर परिवार जीवन यापन कर रहा है जिम्मेदार अधिकारी ग्राम प्रधान सफाई कर्मी देखने तक नहीं पंहुचा बारिश के चलते खरका से बैसन का पूरा जाने वाली मार्ग पर कमर भर पानी होने से ग्राम वासियो को आने जाने मे भी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा हैं यह सड़क तालाब का रूप ले चुकी है लेकिन ग्रामीणों की समस्या पर कोई ध्यान देने वाला नहीं जिससे आम जनता परेशान है।

## अंडर पास में भरे पानी को डीएफसी ने निकलवाया बनाएगा प्लेट फार्म




**अझुवा कौशांबी** कड़ा ब्लॉक के कनवार गांव के पास दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग पर बने अंडर पास में भरे पानी को डी एफ सी ने पन चक्की लगाकर निकलवाए है। डीएफसी साइड सुपरवाइजर सुरेश कुमार ने बताया अंडरपास के नीचे एक मीटर चौड़ा 55 मीटर लंबा 2 फीट ऊंचा प्लेटफार्म का निर्माण किया जाएगा जिसे 12 अगस्त तक पब्लिक के हवाले कर दिया जाएगा जिससे लोगों को निकालने में सहूलियत होगी

## आमने-सामने भिड़े बाइक सवार एक युवक गंभीर घायल भेजा गया जिला अस्पताल

**अझुवा कौशांबी** सैनी कोतवाली के धुमाई ग्राम सभा के मजरे मुराइन के पुरवा के पास बीती शाम 2 बाइक सवार आमने सामने से टकरा गए जिसमे दोनो बाइक सवार सड़क पर गिरकर जख्मी हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक मनोज कुमार पाल पुत्र धनराज पाल निवासी थोन थाना पैंसा अपनी मोटरसाइकिल से अझुवा बाजार से वापस घर जा रहा था उधर इटैली पुर से मजदूरी कर संतोष कुमार पुत्र शंकर लाल,रामचंद्र पुत्र सुख लाल बाइक से घर भवनी का पुरवा थाना सुल्तान पर घोष जिला फतेहपुर जा रहे थे मुराइन के पुरवा के पास सामने सामने टकरा गए जिससे दोनो बाइक सवार जख्मी हो गए सूचना पर अझुवा चौकी पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भेज दिया जहां गंभीर जख्मी मनोज कुमार पाल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है दोनो बाइक अझुवा चौकी पुलिस ने कब्जे में लेकर जांच पड़ती शुरू कर दी है।

## एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 14 अगस्त को

**कौशाम्बी।** जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आईटीआई एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक-14 अगस्त 2024 को रिद्धी सिद्धी एकेडमी, निकट परसरा चौराहा, (केपीएस कालेज के बगल में) भरवारी के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जायेंगा, जिसमें निजी क्षे.त्र की विभिन्न कंपनियां के माध्यम से आईटीआई/नॉनआईटीआई एवं डिप्लोमा उत्तीर्ण सभी प्रकार के अभ्यर्थियों के चयन की कार्यवाही की जायेगी। यह जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी गौतम घोष ने देते हुए बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी विभाग की वेबसाइट पर अपना पंजीयन करते हुए अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति/रिज्यूम के साथ प्रातः 10.30 बजे प्रतिभाग कर सकतें हैं।

अखंड भारत संदेश
प्रयागराज, शुक्रवार
09.08.2024



संपादक की कलम से

## दांव पर आदिवासियों की संपत्ति और संस्कृति

आज विश्व आदिवासी दिवस है। यह दिवस वैश्विक स्तर पर आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा एवं जागरुकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। आज ही के दिन 9 अगस्त, 2018 को भारत के जनजातीय आबादी के स्वास्थ्य की स्थिति पर राष्ट्रीय रिपोर्ट विशेषज्ञ समिति द्वारा भारत सरकार को प्रस्तुत की गई थी। इस रिपोर्ट में जनजातीय आबादी के स्वास्थ्य की चुनौतियां और उनकी बेहतरी के ढ़ेरों उपाए सुझाए गए। अब सवाल यह है कि क्या जनजातीय आबादी के स्वास्थ्य के लिए सुझाए गए उपायों पर अमल हो रहा है? क्या उनकी संपत्ति, संस्कृति और विरासत सहेजने की कोशिश हो रही है? क्या आदिवासी समाज को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास हो रहा है? अगर इन संकल्पों की सिद्धि का प्रयास हो रहा है तो ठीक है अन्यथा इस दिवस को मनाने का कोई औचित्य नहीं रह जाता। इसलिए कि आदिवासी समाज की चुनौतियां कम होने के बजाए बढ रही है। उन्हे हर रोज विस्थापन से लेकर अपनी संपत्ति, संस्कृति और विरासत को सहेजने-बचाने की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र संघ की ह्यद स्टेट आफ द वर्ल्डस इंडीजीनस पीपुल्सह्ल नामक रिपोर्ट से उद्घाटित हो चुका है कि मूलवंशी और आदिम जातियां भारत समेत संपूर्ण विश्व में अपनी संपदा, संसाधन और जमीन से वंचित व विस्थापित होकर विलुप्त होने के कगार पर हैं।

रिपोर्ट से उद्घाटित हुआ है कि खनन कार्य के कारण हर रोज हजारों आदिवासी परिवार विस्थापित हो रहे हैं। विस्थापन के कारण उनमें गरीबी, बीमारी और बेरोजगारी बढ़ रही है। आमतौर पर जनजातीय समाज सीधा और सरल माना जाता है लेकिन उनकी परंपरागत अर्थव्यवस्था पर हमला ने उन्हें आक्रोशित बना दिया है। मूलवासी जनसमूह आजीविका के संकट से तो जूझ ही रहें हैं साथ ही उन्हें कई तरह की बीमारियों से भी लड़ना पड़ रहा है। अगर विकसित देश अमेरिका की ही बात करें तो यहां जनजातीय समूह के लोगों को तपेदिक होने की आशंका 600 गुना अधिक है। आस्ट्रेलिया में आदिवासी समुदाय का कोई बच्चा किसी अन्य समूह के बच्चे की तुलना में 20 साल पहले मर जाता है। नेपाल में अन्य समुदाय के बच्चे से आदिवासी समुदाय के बच्चे की आयु संभाव्यता का अंतर 20 साल, ग्वाटेमाला के 13 साल और न्यूजीलैण्ड में 11 साल है। विश्व स्तर पर देखे तो आदिवासी समुदाय के कुल 50 फीसदी लोग टाइप-2 मधुमेह से पीड़ित हैं। बीमारी व हस्तक्षेप से आदिवासी समाज का तेजी से पलायन भी हो रहा है। नेशनल फेमिली हेल्थ सर्वे की रिपोर्ट से भी उद्घाटित हो चुका है कि कोलम (आंध्र प्रदेश और तेलंगाना) कोरगा (कर्नाटक) चोलानायकन (केरल) मलपहाड़िया (बिहार) कोटा (तमिलनाडु) बिरहोर (ओडिसा) और शोंपेन (अंडमान और निकोबार) के विशिष्ट संवेदनशील आदिवासी समूहों की तादाद घट रही है। आंकड़े बताते हैं कि स्वतंत्रता के बाद से लेकर अब तक आदिवासी आबादी में दस फीसदी की कमी आई है।

आदिवासी बहुल राज्य झारखंड की ही बात करें तो वर्ष 1951 में जहां आदिवासी आबादी 35.80 फीसदी थी, वह 1991 में घटकर 27.66 फीसदी रह गयी। वर्ष 2001 की जनगणना के मुताबिक उनकी आबादी 26.30 रही जो 2011 की जनगणना के मुताबिक घटकर 26.11 फीसदी रह गयी। उल्लेखनीय है कि यह आंकड़ा गत वर्ष पहले झारखंड राज्य के जनजातीय परामर्शदातृ परिषद द्वारा जारी किया गया। यहां ध्यान देना होगा कि न सिर्फ आदिवासियों की तादाद कम हो रही है बल्कि परसंस्कृति ग्रहण की समस्या ने उन्हें दोराहे पर खड़ा कर दिया है। नतीजा न तो वह अपनी संपत्ति व संस्कृति बचा पा रहें है और न ही आधुनिकता से लैस होकर राष्ट्र की मुख्य धारा में ही शामिल हो पा रहें हैं। बीच की स्थिति से उनकी विरासत दांव पर लग गयी है। गौर करें तो यह सब उनके जीवन में बाहरी हस्तक्षेप के कारण हो रहा है।

भारत में ब्रिटिश शासन के समय सबसे पहले आदिवासियों के सांस्कृतिक जीवन में हस्तक्षेप की प्रक्रिया शुरू हुई। ईसाई मिशनरियों ने आदिवासी समुदाय में पहले हिन्दू धर्म के प्रति तिरस्कार और घृणा की भावना पैदा की। उसके बाद उन्हें ईसाई धर्म ग्रहण करने के लिए प्रोत्साहित किया। लिहाजा बड़े पैमाने पर उनका धर्म परिवर्तन हुआ। ईसाईयत न तो उनकी गरीबी को कम कर पायी और न ही उन्हें इतना शिक्षित ही बना पायी कि वह स्वावलंबी होकर अपने समाज का भला कर सकें। ईसाईयत के बढ़ते प्रभाव के कारण हिन्दू संगठन भी उठ खड़े हुए और आदिवासियों के बीच धर्म प्रचार आरंभ कर दिए। हिन्दू धर्म के प्रभाव के कारण आदिवासियों में भी जाति व्यवस्था के तत्व विकसित हो गये। आज उनमें भी जातिगत विभाजन के समान ऊंच नीच का एक स्पष्ट संस्तरण विकसित हो गया है। यह संस्तरण उनके बीच अनेक संघर्षो और तनावों को जन्म दिया है। इससे आदिवासियों की परंपरागत सामाजिक एकता और सामुदायिकता खतरे में पड़ गयी है।

## बांग्लादेश को लेकर संजीदगी जरूरी

बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्ता पलट के बाद नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री मोहम्मद यूनुस देश की अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने को तैयार हैं। मोहम्मद यूनुस को आगे करने का फैसला राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन, आंदोलन के प्रमुख आयोजकों और बांग्लादेश की तीनों सेना प्रमुखों के बीच एक बैठक के बाद लिया गया। इधर बांग्लादेश में शेख हसीना वाजेद के देश छोड़ देने सहित जो घटनाक्रम हो रहे हैं उसे लेकर जहां एक ओर भारत सरकार का कोई साफ बयान नहीं आया है वहीं सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी के आईटी सेल से दीक्षित ट्रोलबाज अनेक तरह के भ्रम फैला रहे हैं। इससे न केवल भारत की आंतरिक समस्याएं बढ़ेंगी वरन दोनों देशों के बीच दूरियां भी बढ़ेंगी। सबसे बड़ी बात यह है कि इससे इस मसले को समझने में दिक्कत होगी जो बेहद पेंचीदा और केवल बांग्लादेश नहीं वरन भारत के लिये भी संवेदनशील है।

इस मामले को जिस हल्केपन से लिया गया उसकी शुरूआत बांग्लादेश में भारतीय दूतावास के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यह कहकर लोगों को नाराज कर दिया कि 'यह इस देश का अंदरूनी मामला है और इस पर भारत को कुछ नहीं कहना है।' तब मोहम्मद यूनुस ने कहा भी था कि 'जब एक भाई के घर में आग लगी हो तो दूसरा भाई कैसे कह सकता है कि यह दूसरे घर का मामला है?' उल्लेखनीय है कि यूनुस ने बांग्लादेश में ग्रामीण बैंक की स्थापना की है जिसका 64 देशों ने अनुसरण कर करोड़ों लोगों का जीवन बदला है। इस उपक्रम के लिये उन्हें नोबेल पुरस्कार भी दिया गया है। कायदे से जब बांग्लादेश में आरक्षण-विरोधी आंदोलन प्रारम्भ हुआ तभी भारत सरकार के विदेश मंत्रालय को अपना नजरिया साफ करना चाहिये था। इसके साथ ही दक्षेस (सार्क) देशों के सबसे बड़े व सर्वाधिक प्रभावशाली नेता के रूप में भारत को सहयोग की पेशकश करनी चाहिये थी। यह बात बहुत साफ है कि वहां यदि राजनीतिक अस्थिरता होती है या फिर सैन्य सरकार बनती है तो इसका भी व्यापक और प्रतिकूल असर भारत पर पड़ेगा।

भारत सरकार इस मामले को लेकर कितना संजीदा है, इसका आभास मंगलवार को इस विषय पर हुई सर्वदलीय बैठक में देखने को मिला जिसमें सरकार की ओर से विदेश मंत्री एस. जयशंकर, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शामिल हुए लेकिन खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अनुपस्थित थे। लोकसभा में 3 और राज्यसभा में 7 सदस्यों वाली आम आदमी पार्टी को आमंत्रित ही नहीं किया गया था। इसका सीधा अर्थ है कि भाजपा सरकार इस अंतरराष्ट्रीय मसले पर आयोजित बैठक में भी सियासत करने की क्षुद्र हरकत से बाज नहीं आई। दूसरी ओर सभी विरोधी दलों ने, चाहे वे प्रतिपक्षी गठबन्धन इंडिया के हिस्से हों या न हों, सरकार को बिना शर्त समर्थन दिया और बतलाया कि सभी दल इस मामले को लेकर सरकार के साथ खड़े हैं।

# विनेश फोगाट को संवेदना नहीं प्रोत्साहन दीजिये

**@राकेश अचल**

पेरिस ओलम्पिक में मात्र 100 ग्राम वजन बढ़ने की वजह से फाइनल में न खेल पाने के बाद भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट ने हालाँकि कुश्ती से सन्यास की घोषणा कर दी है, लेकिन मुझे लगता है कि ये एक जल्दबाजी में लिया गया फैसला है। विनेश के साथ पूरा देश खड़ा हुआ है। विनेश को इस समय संवेदना की नहीं बल्कि प्रोत्साहन की जरूरत है। विनेश को अपने फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए।




पेरिस ओलम्पिक से बाहर की गयी विनेश का कैरियर इस रोक के बाद समाप्त नहीं हो जाता। विनेश के लिए ये घटना एक दुःस्वप्न से कम नहीं है, लेकिन उसे इसे भुलाना ही होगा। ऐसा करना आसान काम नहीं है क्योंकि विनेश जिस मुकाम पर आकर टूटी है वहां आकर कोई भी पीछे मुड़कर नहीं देखना चाहता। विनेश की पीड़ा को आम हिन्दुस्तानी समझता है और शायद इसीलिए विनेश से सीधा कोई रिश्ता न होते हुए भी हर भारतीय की संवेदना विनेश के साथ बा-बस्ता दिखाई देती है।

अर्जुन पुरस्कार से अलंकृत विनेश हमारे लिए तमाम बड़े पुरस्कारों से बड़ा पुरस्कार है। इस समय जरूरत इस बात की है कि देश की वो ही सरकार विनेश के लिए लड़े जिसने कुछ महीनों पहले अपनी पार्टी के सांसद के जरिये विनेश और विनेश के साथ देश की पूरी पहलवान बिरादरी को सड़कों पर अपमानित किया था। विनेश उस मान-मर्दन की पीड़ा को भूलकर ओलम्पिक खेलों में शामिल हुई थी। उसने पहली दो प्रतियोगिताएं जीतकर भी दिखाई थीं। विनेश फाइनल में भी जीतती लेकिन उसे जीतने नहीं दिया गया। अभी ये नहीं कहा जा सकता कि विनेश किसी अंतर्राष्ट्रीय साजिश का शिकार हुई या उसका नसीब ही खराब था। भारत की सरकार को इस मामले में अंत तक लड़ना चाहिए। यदि सरकार न लड़ी तो ये एक बहुत बड़ी भूल होगी।

विनेश अभी कुल 30 साल की ही तो है। उसने राष्ट्रमंडल खेलों से लेकर ओल्मपिक खेलों तक का सफर जिस तरह से पूरा किया है वो सराहनीय है। विनेश जिन परिस्थितियों से जूझकर यहां तक पहुंची है वो दुनिया के हार खिलाडी के लिए प्रेरणास्पद है। सरकार को स्कूली पाठ्यक्रमों में दीगर विष्यों को पढ़ाये जाने की जिद छोड़कर विनेश की जीवनी पढ़ने की व्यवस्था करना चाहिए। उसे ओलम्पिक के स्वर्णपदक से वंचित किया गया है। सरकार उसे देश का कोई भी सर्वोच्च नागरिक सम्मान देकर उसके घाव भर सकती है, लेकिन दुर्भाग्य ये कि जब विनेश अपने जीवन की सबसे बुरी घड़ियों से गुजर रही है तब सरकार की और से संसद में बतया जाता है कि सरकार ने विनेश को तैयार करने पर कितना खर्च किया। ये दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार ने विनेश पर जितना खर्च किया है इतना पैसा तो देश के मंत्री एक दिन में खर्च कर देते हैं। आखिर 70 लाख रुपए की क्या कीमत है ?

ओलम्पिक खेलों में भारत की हैसियत किसी से छिपी नहीं है। ओलम्पिक खेलों की पद्कतालिका में भारत विश्वगुरु नहीं बल्कि एक पुंछल्ला है। उसका स्थान ६३ वां है आबादी के लिहाज से दुनिया का दूसरा बड़ा देश और खेलों में इतना फिसड्डी ? जाहिर है कि इस देश में अभी तक की सरकारों ने खेलों कि लिए ज्यादा कुछ किया ही नहीं।

देश के पास 8500 करोड़ का विमान खरीदने के लिए बजट है किन्तु खेल के लिए नहीं। हाल के बजट में खेल के बजट में मात्र 20 करोड़ रुपए की बढ़ोत्तरी की गयी है। इस बजट से भविष्य में कोई विनेश फोगाट तैयार नहीं की जा सकती। यदि भारत को सचमुच विश्व गुरु बनना है तो उसे खेल के मामले में चीन से मुकाबला करने की द्दढ इच्छाशक्ति पैदा करनी होगी। दुनिया जानती है कि खेल सरकारी प्रोत्साहन के साथ ही द्दढ इच्छाशक्ति और खेलों को राजनीति से मुक्ति के बिना मुमकिन नहीं है। देश का दुर्भाग्य ये है कि आज भी देश के तमाम खेल संगठनों पर खिलाड़ियों का नहीं बल्कि नेताओं और नेता-पुत्रों का कब्जा है। और ये स्थिति आज से नहीं नेहरू से लेकर नरेंद्र युग तक बादस्तूर जारी है। न कांग्रेस ने खेल संगठनों को आजाद रखा और न भाजपा रख पा रही है। वे नेता जो खेल का ककहरा भी नहीं जानते आजकल खिलाड़ियों का भविष्य संवारने का दायित्व निभा रहे हैं। बेहतर हो कि पेरिस ओलम्पिक में चोट खाने के बाद सरकार सभी खेल संगठनों से नेताओं को एक झटके में हटाकर वहां खिलाड़ियों को बैठाये। राष्ट्रमंडल खेलों से लेकर ओलम्पिक खेलों के लिए एक-दो महीने की नहीं बल्कि निरंतर तैयारी की व्यवस्था करे। देश के मान-सम्मान के लिए जितनी जरूरत सैनिकों की है उतनी ही जरूरत खिलाड़ियों की भी है।

विनेश फोगाट हमारे लिए एक आदर्श भी है और एक सबक भी। हमें उसे टूटने से बचना होगा। ये सरकार की भी जिम्मेदारी है और समाज की भी। समाज विनेश के साथ पहले से खड़ा है। सरकार को उसके साथ खड़ा होना है और ओलम्पिक समिति के साथ निर्णायक लड़ाई लड़ना है। जब तक विनेश को न्याय नहीं मिलता भारत कोओलम्पिक खेलों के बहिष्कार की घोषणा करना चाहिए। जब तक सरकार इस तरह के कठोर फैसले नहीं करेगी तब तक ओलम्पिक खेलों के दकियानूसी नियम नहीं बदले जायेंगे। विनेश को फाइनल से पहले की प्रतियोगिताओं में जीतने का सिला पदकों के रूप में मिलना ही चाहिए। उसने जो प्रतियोगिताएं जीतीं है उनमें तो उसे अयोग्य नहीं घोषित किया गया था।

मैंने भावुकता में तमाम बातें कह दीं, लेकिन मुझे पता है कि जो देश वोटों की खातिर देश की 85 करोड़ आबादी को पांच किलो अनाज पर जिंदा रखे हुए है वो देश किसी भी सूरत में खेलों के मामले में चीन का मुकाबला नहीं कर सकता। ये आसान काम नहीं है। हमारे यहां तो ओलम्पिक खेलों में पदक हासिल करने वलों को खेलों के लिए समर्पित करने के बजाय राजनीति के दलदल में उतार दिया जाता है, क्योंकि खिलाडियों के आभामंडल से वोट मिलते है।

आज देश के हर राजनीतिक दल के पास रिटायर्ड खिलाड़ी हैं। उन्हें अपने अनुभवों से भविष्य के खिलाड़ी पैदा करना चाहिए थे किन्तु वे राजनीति के जरिये सत्तासुख भोगने का निर्लज्ज काम कर रहे हैं। क्रिकेटर हों या पहलवान।

हों या मुक्केबाज सके सब राजनीति के शिकार हैं या राजनीति के औजार हैं। ऐसे में विनेश फोगाट का कुश्ती से सन्यास लेने की घोषणा करना उसकी हताशा का नतीजा है। सरकार को चाहिए कि वो विनेश को भरोसा दिलाये और खेल के मैदान से न हटने के लिए तैयार करे। विनेश का लोहा अभी समाप्त नहीं हुआ है। वो खेलों के जरिये देश की लम्बे समय तक सेवा कर सकती है।

## ओलंपिक या साजिश का अखाड़ा

**– सर्वमित्रा सुरजन**

अब विनेश फोगाट किस तरह की वापसी करेंगी, इस बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी, क्योंकि इन पंक्तियों के लिखने तक खबर थी कि अपना वजन कम करने के लिए विनेश ने रात भर साइकिलिंग की, वेट लिफ्टिंग की लेकिन वजन फिर भी कम नहीं हुआ। उसके बाद वो निराश होती गईं और अंत में बेहोश हो गईं। उन्हें ओलंपिक विलेज के ही पॉलिक्लीनिक में इलाज के लिए ले जाया गया है।


श्रीमान मोदी खुश हो सकते हैं कि विनेश फोगाट ओलम्पिक में कुश्ती के फाइनल मुकाबले में आने से पहले ही अयोग्य घोषित कर दी गईं। उनका वजन सौ ग्राम ज्यादा पाया गया, तो इसकी सजा ये मिली कि उन्हें फाइनल मुकाबला खेलने से रोका गया और इसके साथ ही उन्हें अब कोई पदक भी नहीं दिया जाएगा। यहां नरेन्द्र मोदी के लिए खुशी की बात यह है कि अब कम से कम उन्हें ये चिंता नहीं रहेगी कि अगर विनेश फोगाट ओलम्पिक में मिला पदक भी लोककल्याण मार्ग आकर उनके दरवाजे पर रख आतीं, तो फिर वे देश को क्या जवाब देते। वैसे भी देश को जवाब देना उन्होंने कभी जरूरी नहीं समझा। इसलिए 2024 के चुनावी घोषणापत्र में 2036 में ओलम्पिक कराएंगे, जैसी घोषणा वे कर देते हैं और उनके समर्थक इसी में खुश हो जाते हैं। विनेश फोगाट अगर बुधवार को कुश्ती का फाइनल मुकाबला खेलतीं तो फिर एक पदक मिलना तय ही था। स्वर्ण होता तो देश ज्यादा खुश होता, रजत होता, तब भी खुशी कम नहीं होती, क्योंकि पदक मिलना ही बड़ी बात थी। और विनेश फोगाट के मामले में ज्यादा बड़ी बात इसलिए थी क्योंकि उन्होंने पेरिस में क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल मुकाबलों में अपने प्रतिद्वंद्वियों को ही धूल नहीं चटाई, बल्कि पूरी मोदी सरकार को बड़ी पटखनी दी। हालांकि मोदीजी के लिए इसमें भी खुश होने की बात थी, क्योंकि वे तब यह कह सकते थे कि विनेश ने उनकी बात मानते हुए आपदा में अवसर तलाश लिया। उनके असंभव, अविश्वसनीय और अकल्पनीय किस्सों की कड़ी में यह किस्सा भी जुड़ सकता था कि मेरी पुलिस ने विनेश पर जोर आजमाइश की और मैंने उसके साथ नाइंसाफी होने दी, ताकि शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से उसकी मजबूती परख सकें। इस तरह श्री मोदी बड़े आराम से विनेश फोगाट के पदक लाने का श्रेय ले लेते और उनके समर्थक इसे सही साबित भी कर देते। चंद्रयान से लेकर टी-20 वर्ल्ड कप तक सारी उपलब्धियों पर यही तो होता आया है।

किसी भी तरह की कामयाबी पर प्रधानमंत्री का चेहरा सामने आ जाता है और उसके पीछे नाइंसाफी की जितनी कालिख है, वो सब छिपा दी जाती है। देश ने देखा है कि मोदी सरकार ने विनेश के सामने तमाम तरह की आपदाएं खड़ी कीं। सरकारी, कानूनी तंत्र की लिंचिंग पर्याप्त नहीं लगी तो मीडिया और सोशल मीडिया की ट्रोल आर्मी के जरिए विनेश फोगाट, साक्षी मलिक, बजरंग पुनिया जैसे खिलाड़ियों का भरपूर अपमान किया। मंगलवार को जब विनेश मैच खेल रही थीं, तो उसकी कमेंट्री साक्षी मलिक कर रही थीं। इधर देश में बजरंग पुनिया विनेश फोगाट पर सवाल उठाने वाले पत्रकारों को भाजपा की ट्रोल आर्मी का सदस्य बता रहे थे और पूछ रहे थे कि मोदीजी कब विनेश को फोन करके बधाई देंगे। लेकिन मोदीजी का न फोन आया, न ट्वीट आया। फिर जैसे ही बुधवार सुबह खबर आई कि महज सौ ग्राम ज्यादा होने से विनेश को मुकाबले के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया है, उसके बाद ही नरेन्द्र मोदी का ट्वीट आ गया, जिसमें उन्होंने विनेश को चैंपियनों की चैंपियन बताया है और कहा है कि वे और मजबूत होकर वापसी करेंगी। मानो श्री मोदी इंतजार कर रहे थे कि कब उन्हें मौका मिले और वे सांत्वना के दो बोल लिखकर अपना कद ऊंचा दिखाएं।

## तो अब सरकार के निशाने पर वक्फ बोर्ड

**@ राकेश अचल**

फ्रांस ओलम्पिक में हमारे खिलाड़ी पदकों पर अपना निशाना साध रहे हैं लेकिन हमारी सरकार के निशाने पर हमेशा की तरह मुस्लिम और उनकी संस्थाएं है। केंद्र के निशाने पर अब मुस्लिमों को वक्फ सम्पतियों का रखरखाव करने वाला वक्फ बोर्ड है। सरकार वक्फ बोर्ड कानून में संशोधन कर बोर्ड की शक्तियां सीमित करना चाहती है। मुमकिन है कि आप जब ये आलेख पढ़ रहे हों तब वक्फ बोर्ड अधिनियम में संशोधन से जुड़ा बिल सरकार संसद में पेश कर रही हो, हालांकि इसको लेकर सरकार की तरफ से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। लेकिन बिल की खबर आते ही हंगामा शुरू हो गया है। एआइएमआइएम से लेकर कई मुस्लिम संगठनों और विपक्षी दलों ने सरकार पर निशाना साधा है। सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि यह संविधान में दिए धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार पर प्रहार है।






आपको पहले ये जानना होगा कि आखिर वक्फ बोर्ड है क्या ? केन्द्रीय वक्फ परिषद वक्फ बोर्ड के कामकाज से सम्बन्धित मुद्दों और देश में वक्फ के समुचित प्रशासन से सम्बन्धित मुद्दों के बारे में परामर्श देने के लिए केन्द्रीय वक्फ परिषद् की स्थापना एक स्थायी इकाई के रूप में की गई। इस बोर्ड की स्थापना भाजपा के जन्म से सोलह साल पहले तत्कालीन केन्द्र सरकार ने दिसम्बर, 1964 में वक्फ अधिनियम 1995 के अन्तर्गत की थी। वक्फ के प्रभारी केन्द्रीय मन्त्री, केन्द्रीय वक्फ परिषद् के 20 अन्य सदस्य होते हैं केन्द्रीय वक्फ परिषद् इन समुदायों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है इसके द्वारा लागू की जाने वाली योजनाएँ हैं।

वक्फ अरबी भाषा के ' वकुफा ' शब्द से बना है, जिसका अर्थ होता है ठहरना। इसी से बना वक्फ। वक्फ एक ऐसी संपत्ति होती है, जो जन-कल्याण को समर्पित हो। इस्लाम के मुताबिक वक्फ दान का ही एक तरीका है। इस्लाम की तरह हम सनातनियों में भी दान की लम्बी परम्परा है। हमारे यहां जितने भी धार्मिक स्थल हैं उनके रखरखाव के लिए तत्कालीन शासकों, राजा-महाराजाओं, नबाबों और निजी व्यक्तियों द्वारा अकूत सम्पत्ति दान की जाती रही है। उसके रखरखाव के लिए भी वक्फ बोर्ड जैइसी ही अनेक व्यवस्थाएं हैं ,लेकिन निशाने पर वक्फ है ,क्योंकि वो अल्पसंख्यक मुसलमानों का है ,और मुसलमानों से हमारी सरकार को चिढ है। सरकार ने 2024 के आमचुनावों में खुलकर मुसलमानों का नाम लेकर बहुसंख्यक हिन्दू मतदाताओं को आतंकित करने की कोशिश की थी। कहा था कि जनता का मंगलसूत्र खतरे में पड़ जाएगा।

बहरहाल मुस्लिम नेताओं का आरोप है कि मोदी सरकार वक्फ बोर्ड की स्वायत्तता को छीनना चाहती है। भाजपा शुरू से ही वक्फ बोर्ड और वक्फ संपत्तियों के खिलाफ रही है। वह अपने हिंदुत्व एजेंडे के तहत वक्फ संपत्तियों और वक्फ बोर्ड को खत्म करना चाहती है। अगर इसमें कोई संशोधन किया गया तो प्रशासनिक अराजकता पैदा होगी और वक्फ बोर्ड अपनी स्वायत्तता खो देगा ,जो कि धार्मिक स्वतंत्रता के खिलाफ होगा। हमारी सूचना है कि प्रस्तावित विधेयक में वक्फ बोर्ड द्वारा संपत्तियों पर किए गए सभी दावों को अनिवार्य सत्यापन से गुजरना होगा। वक्फ बोर्ड के अधिकारों, उसकी ताकतों और उसकी कार्यप्रणाली में बड़ा परिवर्तन किया जाएगा। महिला सदस्य राज्यों में वक्फ बोर्ड का हिस्सा होंगी। प्रस्तावित बिल में मौजूदा कानून से जुड़े कई क्लॉज हटाए जा सकते हैं। उनके मुताबिक वक्फ बोर्ड अधिनियम में 40 से अधिक संशोधनों किए जा सकते हैं।

सरकार सर्वशक्तिमान होती है,वो सब कुछ कर सकती है ,लेकिन इस सब कुछ कि पीछे बहुत कुछ छिपा होता है। सवाल ये है कि वक्फ बोर्ड कि ऊपर सरकार की वक्र द्दष्टि है क्यों ? इसका सीधा सा जबाब है वक्फ के पास अकूत सम्पत्ति का होना । एक सूचना कि मुताबिक वक्फ बोर्ड जमीन के मामले में रेलवे और कैथोलिक चर्च के बाद तीसरे नंबर पर है। आंकड़ों के मुताबिक वक्फ बोर्ड के पास 8 लाख एकड़ से ज्यादा जमीन है। साल 2009 में यह जमीन 4 लाख एकड़ हुआ करती थी, जो कुछ सालों में बढ़कर दोगुनी हो गई है। इन जमीनों में ज्यादातर मस्जिद, मदरसा, और कब्रगाह हैं. पिछले साल अल्पसंख्यक मंत्रालय ने लोकसभा में बताया था कि दिसंबर 2022 तक वक्फ बोर्ड के पास कुल 8,65,644 अचल संपत्तियां थीं। जाहिर है की ये समाप्तियाँ मुस्लिमों द्वारा वक्फ की गयीं है,यानि ये सरकारी नहीं हैं ,लेकिन सरकार को ये संप्पत्तियाँ चाहिए।

हकीकत ये है कि वक्फ की सम्पप्तियों का दुरूपयोग ठीक उसी तरह हो रहा है जैसे हिन्दू मंदिरों की सम्पप्तियों या ईसाई मिशनरियों की सम्पप्तियों का हो रहा है। इन सभी का नियमन जरूरी है क्योंकि अधिकाँश मंदिरों और वक्फ की सम्पत्तियों को असरदार लोगों ने या तो खुर्द-बोर्ड कर दिया है या फिर उनके ऊपर गलत तरीके से कब्जा कर लिया ह। आरोप है की अकेले औबेसी कि पास वक्फ की 3000 करोड़ की वक्फ सम्पत्तियाँ हैं। देश कि अनेक राज्यों में वक्फ की सम्पत्तियों को लेकर अदालतों में मुकदद्मे चल रहे हैं। मुझे पता है कि कानून कि होते हुए भी न वक्फ की सम्पत्तियाँ महफूज है और न दुसरे धर्मों की साम्पत्तियाँ । जैसे मुल्ला-मौलवियों ने वक्फ सम्पत्तियों को खुर्द-बुर्द कर दिया है वैसे ही मठों कि संत-महंतों ने मंदिरों की सम्पत्तियों को या तो बेच खाया है या मामूली से किराये पर असरदार लोगों को दे दिया है। ,लेकिन सरकार को वक्फ सम्पत्तियों की ज्यादा फिक्र है। दूसरे मजहबों की सम्पत्तियों की नहीं।

दरअसल सरकार एक तीर से दो निशाने साध रही है । एक तरफ सरकार वक्फ सम्पत्तियों पर अपना अधिपत्य बढ़ाना चाहती है और दूसरी और अल्पसंख्यक मुस्लिमों को सबक भी सिखाना चाहती है क्योंकि आम चुनाव में अल्पसंख्यकों ने सरकारी पार्टी को बुरी तरह से खारिज कर दिय।

# सीएम के ड्रीम प्रोजेक्ट कार्यों को गुणवत्ता से करें: संयोजक

## उप्र विधानसभा समिति संयोजकों ने की समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप्र विधानसभा सार्वजनिक उपक्रम/निगम संयुक्त समिति की उप समिति के संयोजक अनूप कुमार गुप्ता की अध्यक्षता व सदस्य विधान परिषद मानवेंद्र प्रताप सिंह, जितेंद्र सिंह सेंगर, किरत सिंह, देवेंद्र निगम, राहुल राजपूत, मऊ/मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल व उपसाचिव विधानसभा शैलेंद्रनाथ मिश्रा की मौजूदगी में उप्र विधानसभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति की द्वितीय उप समिति के सदस्यों ने जिले में कार्यशील निगमों/उपक्रमों के पांच वर्षों के क्रियाकलापों/परियोजनाओं की प्रगति बाबत समीक्षा की।



संयोजक का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत करते डीएम।

गुरुवार को कलेक्टेट्रट सभागार में हुई बैठक में संयोजक व समिति के सदस्यों को जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा दौरान एक्सईएन जल निगम एके भारती ने बताया कि सिलौटा पाइप पेयजल परियोजना, चांदी बांगर पाइप पेयजल परियोजना, रैपुरा पाइप पेयजल परियोजना में कार्य हो रहा है। ओवरहेड टैंकों का निर्माण शेष है। संयोजक ने एक्सईएन जल निगम को निर्देश दिये कि जल जीवन मिशन से गांव की गलियों में पाइप लाइन डालने में खोदी सडकें जल्द ठीक करायें। विधायक मऊ/मानिकपुर ने कहा कि ज्यादातर गांवों में पाइप लाइन डालने में खोदी गलियां-सडकें ठीक नहीं कराई। समिति के सदस्यों ने निर्देश दिये कि तत्काल सडकें ठीक करायें। बुंदेलखंड में पेयजल की भारी दिक्कत के चलते सरकार ने बड़ी परियोजना जल जीवन मिशन लागू की है। संयोजक ने सीडीओ से कहा कि पाक्षिक रिपोर्ट बनाकर समिति को लखनऊ भेजें। सरैंया पावर हाउस में खराब ट्रांसफार्मर तत्काल बदलें। समिति के संयोजक ने जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन से कहा कि बस स्टेशन के निर्माण की जांच करायें। जांच आख्या समिति को भी बतायें। समिति ने उप्र राजकीय निर्माण निगम के पर्यटन विकास कार्यों की समीक्षा कर क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिये कि पर्यटन कार्यों की गुणवत्ता की जांच कर बतायें। संयोजक ने कहा कि चित्रकूट धाम के विकास में उप्र के मुख्यमंत्री ने पर्यटन विकास के ड्रीम प्रोजेक्ट कार्यों को अधिकारी गंभीरता से करायें। परियोजना प्रबंधक सेतु निगम को निर्देश दिये कि मऊ सराय अकिल मार्ग महिला घाट पर पुल निर्माण जल्द पूरा करें। ऊंचाडीह रानीपुर कल्याणगढ़ संपर्क मार्ग पर बरदहा नदी में दीर्घ सेतु निर्माण गुणवत्ताविहीन बनाने की शिकायत विधायक मानिकपुर ने की। जांच के निर्देश दिये। सेतु निर्माण कार्य सही ढंग से कराने बाबत सीडीओ से कहा कि सभी सेतुओं के निर्माण कार्यों की समिति गठित कर जांच करायें। गड़बड़ी पर ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करें। डीएम-सीडीओ से कहा कि खुद निरीक्षण कर समिति को आख्या भेजें।

बैठक के अंत में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने समिति के सदस्यों को जिला प्रशासन की ओर से हार्दिक स्वागत कर कहा कि दिशा-निर्देश का पालन किया जायेगा। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह तथा सीडीओ अमृतपाल कौर ने समिति के सदस्यों को पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। संचालन जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी राजदीप वर्मा ने किया। बैठक में एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम, डीएफओ नरेंद्र कुमार सिंह, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, सीएमएस डॉ बंदना श्रीवास्तव, एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्र, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, उप निदेशक कृषि राजकुमार, सहायक निदेशक मत्स्य भानुचंद्रा, एक्सईएन लोनिवि प्रांतीय खंड सत्येंद्रनाथ, निर्माण खंड कृष्ण कुमार, परियोजना प्रबंधक राजकीय

## डीएम ने स्टेडियम में जनरेटर की करायें व्यवस्था

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला खेल विकास प्रोत्साहन समिति की बैठक में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी विजय कुमार से प्रोत्साहन समिति में उपलब्ध धनराशि बाबत पूंछा। प्रोत्साहन समिति से खरीदे सामानों बाबत खेल उपलब्धियां बाबत स्टेडियम में खेल सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। डीएम ने बीएसए व डीआईओएस से खेल सुविधाओं में और क्या जरूरत है। खेल का विकास कैसे होगा। स्कूली छात्रायें खेलों की ओर अग्रसर हों, प्रयास करें। गुरुवार को कलेक्टेट्रट सभागार में हुई बैठक में डीएम शिवशरणप्पा जीएन को श्याम सुंदर ने हॉकी बाबत, अवधेश सिंह ने माध्यमिक विद्यालय में खेल बाबत, अंगद सिंह व फिरोज ने स्टेडियम में सुविधाओं बाबत जानकारी दी। डीएम ने क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी से कहा कि और क्या जरूरत है। स्टेडियम में लगी फ्लड लाइट को जनरेटर की जरूरत पर डीएम ने सीडीओ से कहा कि व्यवस्था करायें। बैठक में संबंधित लोग मौजूद रहे।

# पांच जुआरी जुआ खेलते दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्रीमती रीता सिंह की अगुवाई में दरोगा मनीष कुमार की टीम ने पांच जुआरियों को जुआ खेलते रंगेहाथ दबोचा है।



पुलिस गिरफ्त में जुआरी।

गुरुवार को कस्बा पहाड़ी स्थित पानी की टंकी के पास से पुलिस ने गया प्रसाद वर्मा पुत्र राजकुमार, मोतीलाल प्रजापति पुत्र चुनबाद, कल्लू वर्मा पुत्र रामशरण, तीरथ पुत्र विशम्भर व कैलाश पुत्र महावीर कस्बा पहाड़ी को ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते दबोचा है। जुआरियों के कब्जे से मालफड़ से 15 सौ रुपये व ताश के 52 पत्ते, जामातलाशी से 380 रुपये बरामद किये। जुआरियों पर थाने में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा मनीष कुमार, सिपाही विनोद, सचिन यादव, दीपक व आशीष यादव शामिल रहे।

## मारपीट में हुई सजा

**चित्रकूट।** प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्याम प्रताप पटेल व पैरोकार रवि प्रकाश की पैरवी व सहायक अभियोजन अधिकारी हरिओम सिंह की प्रभावी बहस से न्यायाधीश न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम सुश्री अंजलिका प्रियदर्शनी ने रैपुरा थाने में दर्ज मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी के आरोपी राममिलन उर्फ मिल्लू यादव पुत्र सुक्खा यादव खजुरिहा को दो हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया।

# कामतानाथ मन्दिर में 12 दिवसीय झूला महोत्सव शुरू

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कामदगिरि पीठम ने श्री कामतानाथ मंदिर परिसर में 12 दिनों तक चलने वाले झूला महोत्सव की धूमधाम से शुरुवात हुई। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिव्य झांकियों व भव्य झूला गायन कार्यक्रम सवेरे व शाम होंगे। राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गायक-वादकों समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रीय व स्थानीय कलाकारों की सहभागिता होगी।



झूला महोत्सव का शुभारम्भ करते संत मदनगोपाल दास आदि।

गुरुवार को कामदगिरि पीठम के प्रवक्ता अर्चन ने बताया कि श्री कामतानाथ मंदिर के अधिकारी संत डा मदनगोपाल दास ने भगवान श्री कामतानाथ जी की पूजन आरती कर बांके बिहारी लाल जी को झूले में स्थापित कर झूला झुलाते हुए महोत्सव का शुभारंभ किया। कानपुर से आये कलाकार विनय व्यास, शैलेंद्र राम, रविकांत छुन्नावनी, रामबाबू सिंह दौहल, पप्पू अंजना आदि ने झूला गायन पर ऐसा समां बांधा कि दर्शक झूम उठे। महोत्सव सवेरे आठ से 12 बजे दोपहर व शाम को छह से नौ बजे रात तक चलता है। झूला महोत्सव रक्षाबंधन पूर्णमासी तक चलेगा। ख्यातिलब्ध भजन गायक पवन तिवारी छतरपुर, पंडित लल्लूराम शुक्ल बांदा, रामजी सोनू त्रिपाठी मुंबई, प्रसिद्ध नाल वादक दीनदयाल कानपुर, प्रतिष्ठित मृदंगाचार्य पं अवधेश द्विवेदी आदि समेत क्षेत्रीय व स्थानीय गायक-वादक प्रस्तुतियां देंगे। कामतानाथ मंदिर झूला महोत्सव में इस वर्ष एक शाम राष्ट्रीय कवि सम्मेलन की रूपरेखा बनाई जा रही है।

# दस दिन से अंधेरे मे डूबा है खिचरी गांव

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** बिजली विभाग की लापरवाही से एक सप्ताह से बारिश दौरान तेज हवा से दर्जनों बिजली के खम्भे गिरने से ब्लाक के डेढ दर्जन गांव अंधेरे में हैं। खिचरी मजरा कालोनी में एक सप्ताह से ट्रांसफार्मर जला है। ग्रामीणों के कई बार एसडीएम मानिकपुर से शिकायत के बाद भी ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया।

गुरुवार को ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत विभाग के जेई पीके गुप्ता से समस्या बताई तो जेई ने कहा कि दिखवा लूंगा। बारिश होने से घरों में जहरीले कीड़े-मकोड़े आते हैं। पूरा गांव अंधेरे में होने से बच्चों की पढ़ाई बाधित है। गांव के रामसनेही, सत्यनारायण, संतराम, बाबूलाल, लालमन, मुकुंदलाल, गुलाब, रामबाबू, राजनारायण, सुमित्रा, मुन्नी देवी कोल आदि ने जिलाधिकारी से मांग की है कि गांव की बिजली समस्या ठीक कराई जाये।

# स्वस्थ शरीर में होता स्वस्थ मस्तिष्क: बीके शर्मा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नीति आयोग की सहयोगी संस्था पिरामल फाउडेशन से चयनित प्रजायत्न संस्था ने ईएलमएस के छलांग कार्यक्रम में कर्वी ब्लाक के 25 विद्यालयों के नोडल शिक्षकों के दूसरे चरण का प्रशिक्षण संकुल भवन शिवरामपुर में हुआ। शुभारम्भ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा ने किया।



बैठक को सम्बोंधित करते बीएसए।

गुरुवार को पिरामल फाउंडेशन के अनिल शुक्ला व टीम ने मां सरस्वती का माल्यार्पण कर शिक्षकों ने सरस्वती वंदना की। बीएसए बीके शर्मा ने प्रोजेक्ट छलांग के बारे में विस्तार से जाना। बीएसए ने आदेश दिया कि सभी नोडल शिक्षक विद्यालयों में नियमित खेल गतिविधि करायें। स्वस्थ शरीर मे ही स्वस्थ मस्तिष्क होता है। स्वस्थ मस्तिष्क के विकास से ही बच्चे अच्छे से पढ़ाई कर सकेंगे। भविष्य उज्जवल बना सकेंगे। सरकार की सभी योजनाओं का लाभ प्रत्येक बच्चे को मिलना चाहिए। समय से विद्यालय निपुण होने चाहिए। विद्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी साफ-सफाई करेंगे। सबसे पहले चेतना गीत हुआ। पिछले प्रशिक्षण की समीक्षा हुई। शिक्षको ने अनुभव को चार्ट पेपर से साझा किया। शिक्षकों ने ग्रुप असेसमेंट परीक्षण किया। बीएमआई, पुस-अप, पार्शियल कर्लअप, सिट एंड रीच किया। सत्र चलाने को फील्ड में ले जाकर डोज हैंड बाल व जीरो काटा गतिविधि शिक्षकों ने कराई। खेल गतिविधियों के सिद्धांतों को बताया। अंत में सभी से अनुभव पूंछे गये। ईएलमएस आराधना, जिला समन्वयक प्रशिक्षण पुष्पेंद्र, पिरामल से गरिमा, रामकृपा चैरिटेबल डी ट्रस्ट के जितेंद्र समेत राजेंद्र शर्मा, विद्या सागर सिंह, प्रेमचंद्र शिवहरे, अजय सिंह चंदेल, प्रजायत्न संस्था से अमित, सूर्यकांत, अनुज, प्रेमचन्द्र, नीलू ने प्रथम दिन का प्रशिक्षण कराया।

# मनरेगा कार्यों के भुगतान से पहले सीडीओ करायें जांच

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक क्षेत्र के कई गांवों में बिना साठ-चालीस अनुपात से करवाये मनरेगा कार्यों में पक्के कार्य में अग्रिम भुगतान किया गया है। गुरुवार को मानिकपुर ब्लाक के कई गांवों में 60/40 अनुपात बिना करवाये मनरेगा से पक्के कार्य में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। राजस्व को क्षति पहुंचाते हुए स्थानीय गिट्टी-मोरम की जगह स्थानीय मिट्टी का प्रयोग हुआ है। बिना अनुपात के कई गांवों में चहेते सप्लायरों के नाम काम देकर प्रधानों ने भुगतान निकाल लिया है। दस फीसदी कमीशन में भुगतान करवाने को कई माह से सप्लायर मनरेगा की किस्त आने की टकटकी लगाये देख रहे हैं। मानिकपुर ब्लाक के कई ग्राम पंचायतों में अग्रिम कार्य करवाये गये हैं। बिना अनुपात के मनरेगा से पक्के कार्य जिनका अभी तक भुगतान नहीं हुआ। ऐसे सभी कार्यों की सीडीओ को भुगतान से पहले जांच करवानी चाहिए, ताकि तस्वीर साफ हो जायेग कि मनरेगा से करवाये कार्यों में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है।

# चिन्हित कर भू-माफियाओं की बनायें सूची: डीएम

## एसडीएम मऊ को कारण बताओ नोटिस जारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कर-करेत्तर की बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि शासन से निर्धारित मासिक लक्ष्य अनुरुप वसूली करायें। तभी वार्षिक लक्ष्य पा सकते हैं। जिला खनिज अधिकारी को निर्देश दिये कि जिले में ओवरलोड वाहनों का संचालन नहीं होना चाहिए। अभियान चलाकर जांच करें।



कर-करेत्तर की बैठक में बोलते डीएम।

गुरुवार को कलेक्टेट्रट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने आबकारी विभाग को निर्देश दिये कि अवैध शराब की बिक्री नहीं होनी चाहिए। सक्रियता से छापेमारी करें। विद्युत बकाया धनराशि वसूली को तहसीलदारों को निर्देश दिये कि अभियान चलाकर वसूली करायें। डीएम ने भू-राजस्व बाबत धारा 116, धारा 80, धारा 67, धारा 34, भू-माफिया, आपदा प्रबंधन आदि बिंदुओं पर चर्चा की। डीएम ने आइजीआरएस में अधिक मामले लम्बित होने की दशा में एसडीएम मऊ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। सभी एसडीएम को निर्देश दिये कि आइजीआरएस देखते रहें। जिले की रैंकिंग खराब न होने पाये। वरासत बाबत कहा कि जनता को परेशानी नहीं होनी चाहिए। ये तय करें कि समय सीमा भीतर निस्तारित करें। ग्राम पंचायत चकरोड की सूची लेखपालों से बनवायें कि कौन अतिक्रमण किये है। ये सूची सीडीओ के जरिये बीडीओ को दें। पांच वर्ष से अधिक पुराने मामलों बाबत कहा कि लगातार तारीख देकर सुनवाई कर निस्तारित करें। भू-माफिया बाबत कहा कि चिन्हित कर सूची बनायें, जो अतिक्रमण किये हैं, कार्रवाई करायें। किसी गरीब को परेशानी नहीं होनी चाहिए। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# जनसुनवाई में जिले को मिला पहला स्थान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जनसुनवाई पोर्टल पर जनसमस्याओं के जल्द निस्तारण की आख्या की समीक्षा शासन स्तर पर प्रतिदिन होती है। जुलाई में जनसुनवाई पोर्टल पर मिली शिकायतों के निस्तारण बाबत समीक्षा में 75 जिलों में चित्रकूट पुलिस अव्वल स्थान पर आई है।

गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर एएसपी/नोडल अधिकारी आईजीआरएस चक्रपाणि त्रिपाठी की देखरेख में निरीक्षक/प्रभारी आईजीआरएस प्रदीप कुमार यादव ने उच्चाधिकारियों के निर्देशों का पालन करते हुये जुलाई में मुख्यमंत्री/ जिलाधिकारी/जनसेवा संपूर्ण समाधान दिवस/थाना दिवस में जिला पुलिस की सभी शिकायतों का समय से निस्तारण किया। आईजीआरएस में नियुक्त सिपाही मानवेन्द्र सिंह व महिला सिपाही अनीशा बानो, महिला सिपाही मीरा ने जिले के सभी थानों/क्षेत्राधिकारी कार्यालयों में आईजीआरएस पोर्टल में सभी शिकायतों की आनलाइन फीडिंग की। शिकायत निस्तारण में अहम भूमिका निभायी। इससे जनसुनवाई मामलों में जिले को पहला स्थान मिला है। सभी शिकायतों की आनलाइन फीडिंग व निस्तारण में जिले के 12 थानों में नौ थानों को पहला स्थान मिला है। प्राप्त संदर्भों में कोई असंतुष्ट नहीं है।

## अज्ञात शव की शिनाख्त में करें मदद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के सीतापुर चैकी रामघाट मंदाकिनी नदी के बीच अज्ञात 30 वर्षीय युवक का शव बरामद हुआ है। ये शव नयागांव मप्र की ओर से पानी में बहता हुआ दिखाई दिया। तुलसीदास मंदिर के पास किनारे शव लग गया। मौजूद नाविक की सूचना पर शव को पानी से निकलवाकर बाहर रखा गया। शव का पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी में रखा है। जिस किसी को शव की पहचान करनी हो वह प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी के 9454403205, 9305101117 पर व चैकी प्रभारी सीतापुर के 9454403213, 9305101081 तथा जांच अधिकारी दरोगा मेवालाल मौर्य के 7652046709 नम्बर पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## दीवार ढहने से युवक की मृत्यु

**मऊ/चित्रकूट।** बरगढ़ थाने में गुरुवार को तडके तीन बजे खपरैल के घर की दीवार ढहने से राज बहादुर कोल (50) पुत्र स्व राम कुमार कोल मुर्का पश्चिम टोला थाना बरगढ़ चारपाई पर सोया था। दीवार ढहने से उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

## हादसा आरोपी को हुई सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह व पैरोकार प्रदीप कुमार की पैरवी व सहायक अभियोजन अधिकारी हरिओम सिंह की प्रभावी बहस से न्यायाधीश न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम सुश्री अंजलिका प्रियदर्शनी ने कर्वी कोतवाली में दर्ज हादसा आरोपी रामसजीवन पुत्र रामकिशोर रौली कल्याणपुर को डेढ हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया।

# यमुना जल स्तर घटने पर लोगों ने ली राहत की सांस

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** यमुना व पयश्वनी नदी में लगातार चार दिनों से आये उफान से लोगों में बेचैनी बढ़ रही थी। बुधवार की मध्य रात्रि से तीन सेमी प्रति घंटे की रफ्तार से पानी कम होने से लोगो ने राहत की सांस ली।

गुरुवार को यमुना व पयश्वनी की तलहटी पर बसे दर्जनों गांव में बाढ़ का पानी धीरे-धीरे बढ़ रहा था। लोगों में बेचैनी पैदा हो गई थी। रात-दिन बाढ़ पर नजर रखी जा रही थी। एसडीएम प्रमोद कुमार झा ने बताया कि केंद्रीय जल आयोग राजापुर कार्यालय अनुसार बुधवार की मध्य रात्रि से यमुना का जल स्तर तीन सेमी प्रति घंटे की रफ्तार से कम हो रहा है। बुधवार की शाम पांच बजे की रीडिंग अनुसार तीन सेमी पानी घट रहा था, जो एक मीटर पानी नीचे चला गया है।

एसडीएम प्रमोद कुमार झा व एसडीएम न्यायिक फूलचंद यादव, सीओ निष्ठा उपाध्याय ने बाढ़ से निपटने को तैयारी बना रखी थी। आठ चौकियों समेत बरुआ में अस्थाई चौकी बना दी गई है। लेखपाल, सुरक्षाकर्मी, पशु चिकित्सक, स्वास्थ्य टीमें तैनात कर दी गई थीं। बुधवार की रात्रि से यमुना का जल स्तर घटने से तटीय



जानकारी देते एसडीएम।

गांवों पर खतरा टल गया है। बाढ़ चौकियों को नजर रखने के निर्देश दिये हैं। किसानों व सब्जी कारोबारियों ने बताया कि यमुना तलहटी पर बोई खरीफ फसल व शाक -सब्जियां पूरी तरह जलमग्न हो गई थीं। सब्जी कारोबारियों को क्षति उठानी पड़ी। बाढ़ के चलते बाजार में सब्जी के भाव आसमान छूने लगे हैं।

## आरोपियों की जल्द करें गिरफ्तारी: एएसपी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में महिलाओं व बालकों बाबत मामलों के विवेचकों के साथ गोष्ठी की। गोष्ठी में एएसपी ने विवेचकों से लम्बित विवेचनाओं को समय से निस्तारित करने के निर्देश दिये। अपहरण के मामलों बाबत पीड़िताओं को बरामद कर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिये।


गुरुवार को गोष्ठी में एएसपी ने कहा कि किसी भी मामले में सर्विलांस की मदद की जरूरत हो तो तत्काल आख्या दें। सर्विलांस सेल सभी की मदद करेगा। किसी भी विवेचना निस्तारण में अन्य कोई दिक्कत हो तो बतायें।

## नेपाल के प्रधान सेनापति बने अशोकराज सिग्देल, संभाला कार्यभार




**काठमांडू।** जनरल अशोकराज सिग्देल ने गुरुवार को नेपाली सेना के प्रधान सेनापति के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। आज सैन्य मुख्यालय जंगीअड्डा में वर्तमान सेनाध्यक्ष जनरल प्रभुराम शर्मा ने सिग्देल को कार्यभार सौंपा। इस अवसर पर जनरल शर्मा ने अपने तीन वर्ष के कार्यकाल में किए गए उल्लेखनीय कार्यों की जानकारी दी।
जनरल शर्मा 9 सितम्बर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। सेना के नियमों के मुताबिक सेवानिवृत होने से एक महीना पहले अनिवार्य अवकाश पर जाना पड़ता है। जनरल शर्मा के शुक्रवार से अवकाश पर जाने के कारण आज जनरल सिग्देल ने पदभार संभाला है। इससे पहले बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में जनरल अशोकराज सिग्देल को प्रधान सेनापति के पद पर नियुक्त करने का फैसला लिया था।

## दक्षिणी जापान में 7.1 की तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी जारी



**टोक्यो।** जापान के दक्षिणी तट पर गुरुवार को भूकंप के शक्तिशाली झटके महसूस किए गए, जिसके बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई है।
मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि गुरुवार दोपहर दक्षिणी क्यूशू में 7.1 तीव्रता का भूकंप आया। इसका केंद्र जापान के दक्षिणी मुख्य द्वीप क्यूशू के पूर्वी तट पर 30 किलोमीटर (18.6 मील) की गहराई में था। उसके बाद क्यूशू के पूर्वी और दक्षिणी तट और शिकोकू के दक्षिणी तट पर सुनामी की चेतावनी जारी की गई। इसमें क्यूशू के दक्षिणी तट और पास के द्वीप शिकोकू के साथ 1 मीटर (3.3 फीट) तक की लहरें उठने की भविष्यवाणी की गई।
जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार दक्षिणी जापानी द्वीपों क्यूशू और शिकोकू के तटीय क्षेत्रों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। जापान के सार्वजनिक प्रसारक एनएचके ने कहा कि यह मियाजाकी और कोच्चि प्रान्तों के लिए था।

## अमेरिकी सेना ने यमन में दो हौथी ड्रोन और तीन मिसाइलें नष्ट की




**सना।** अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने बताया कि उसकी सेना ने पिछले 24 घंटों में यमन में हौथी के ठिकानों पर हमले किए हैं जिसमें दो ड्रोन, एक ग्राउंड कंट्रोल स्टेशन और तीन एंटी-शिप क्रूज मिसाइलों को नष्ट कर दिया गया है।सेंट्रल कमांड ने एक्स पर कहा, "ये हथियार अमेरिकी और संयुक्त सेना बल के साथ-साथ इस क्षेत्र में मौजूद व्यापारिक जहाजों के लिए खतरा थे।" समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तरी यमन के ज्यादातर हिस्से पर हौथी ग्रुप का कब्जा है। हौथी ने हमलों पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है।
हौथी ग्रुप ने बुधवार को एक बयान में कहा था कि उसने अदन की खाड़ी में दो अमेरिकी युद्धपोतों और लाल सागर में एक अन्य जहाज पर ड्रोन और मिसाइल से हमले किए थे। साथ ही दावा किया था कि ये हमले सटीक थे।

**अमेरिका ने हौथी के दावों पर कोई टिप्पणी नहीं की**

पिछले साल नवंबर से हौथी ग्रुप गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए उन जहाजों को निशाना बना रहा है जिनके बारे में उसका दावा है कि वे इजरायल से जुड़े हैं।
जवाब में, जलक्षेत्र में तैनात अमेरिकी-ब्रिटिश नौसेना ने हौथी ग्रुप को रोकने के लिए जनवरी से ही उसके ठिकानों पर लगातार हवाई हमले और मिसाइल हमले किए हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## अब चेक क्लियर होने में नहीं लगेगा वक्त, कुछ ही घंटों में मिलेंगे पैसे

मुंबई/नई दिल्ली। चेक के जरिए लेन-देन करने वालों के लिए अच्छी खबर है। अब चेक का निपटान (क्लियरिंग) कुछ ही घंटों में हो जाएगा। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने चेक समाशोधन में लगने वाले समय को कुछ घंटे करने की घोषणा की है। फिलहाल चेक जमा करने से लेकर राशि के बैंक अकाउंट में आने में करीब दो दिन का समय लग जाता है। आरबीआई के गवर्नर ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

# राष्ट्रपति मुर्मू का न्यूजीलैंड से पूरी दुनिया को संदेश, शिक्षा में परिवर्तन की शक्ति



**वेलिंगटन।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन देशों की राजकीय यात्रा का पहला चरण फिजी में पूरा कर न्यूजीलैंड पहुंची हैं। उन्होंने यहां अंतरराष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन पूरी दुनिया को संदेश दिया। राष्ट्रपति ने कहा," शिक्षा हमेशा मेरे दिल के करीब रही है। मैंने शिक्षा की परिवर्तनकारी शक्ति का प्रत्यक्ष अनुभव किया है। 21वीं सदी के भारत में शिक्षा प्रणाली की महत्वपूर्ण भूमिका है। शिक्षा ने विभिन्न क्षेत्रों को ऐसे नेता दिए हैं जो न केवल भारत, बल्कि दुनिया भर में योगदान दे रहे हैं।"
उन्होंने कहा, "आज भारत में युवाओं की बड़ी संख्या है। उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का महत्व मालूम है। भारतीय माता-पिता भी अपने बच्चों को सर्वोत्तम शिक्षा दिलाने की आकांक्षा रखते हैं। यह वास्तव में स्वागत योग्य है। आज आठ हजार भारतीय विद्यार्थी न्यूजीलैंड के विभिन्न संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।"
इससे पहले न्यूजीलैंड पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का गवर्नमेंट हाउस में गवर्नर जनरल डेम सिंडी किरो ने गर्मजोशी से स्वागत किया। राष्ट्रपति मुर्मू के स्वागत में पारंपरिक माओरी "पोविरी" समारोह आयोजित किया गया। उन्हें रॉयल गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। गवर्नर-जनरल डेम सिंडी किरो के निमंत्रण पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू न्यूजीलैंड के दो दिन के दौरे पर रहेंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गवर्नर जनरल किरो के साथ बैठक की। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच मधुर और मैत्रीपूर्ण संबंधों की सराहना की और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की। राष्ट्रपति मुर्मू यहां प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन से भी मुलाकात करेंगी। वो ऑकलैंड में भारतीय समुदाय को भी संबोधित करेंगी।

# इजराइल ने फिलिस्तीनी प्राधिकरण में नॉर्वे के दूतों की राजनयिक स्थिति रद्द की



**यरूशलेम।** इजराइल के विदेश मंत्री इजराइल कैट्ज ने गुरुवार को घोषणा की कि पिछले साल अक्टूबर में गाजा युद्ध शुरू होने के बाद से ओस्लो के "इजराइल विरोधी व्यवहार" के कारण फिलिस्तीनी प्राधिकरण (पीए) में नॉर्वे के दूतों की राजनयिक स्थिति रद्द की जाती है।
समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, तेल अवीव में नॉर्वे के दूतावास को भेजे गए एक पत्र में, कैट्ज ने कहा कि पीए में नॉर्वे के आठ प्रतिनिधियों की राजनयिक स्थिति सात दिनों के भीतर रद्द कर दी जाएगी।
कैट्ज ने एक प्रेस बयान में कहा, "मैंने फिलिस्तीनी प्राधिकरण के संबंध में इजराइल में नॉर्वे के दूतावास की ओर से किसी भी प्रतिनिधित्व को समाप्त करने का आदेश दिया है।"
उन्होंने कहा, "यह इजराइल विरोधी व्यवहार की कीमत है।" उन्होंने मई में फिलिस्तीन को एक देश क रूप में मान्यता देने के नॉर्वे सरकार के फैसले और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री योआव गैलेंट के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी होने पर हेग में अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के निदेर्शों का पालन करने की नार्वे की घोषित मंशा का जिक्र किया।
यह कदम इजराइल द्वारा गाजा के लिए तय पीए फंड को रोके रखने की घोषणा के एक दिन बाद उठाया गया है।

# बांग्लादेशः भारतीय वीजा केंद्र अनिश्चित काल के लिए बंद



**बांग्लादेश** । बांग्लादेश में नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार गुरुवार को शपथ लेगी. इस बीच बांग्लादेश में "अस्थिर स्थिति" के कारण भारत ने वहां वीजा केंद्रों को अगली सूचना तक के लिए बंद कर दिया है.
भारतीय वीजा के लिए आवेदन करने वाले ऑनलाइन पोर्टल पर कहा गया है, "अस्थिर स्थिति" के कारण बांग्लादेश में सभी भारतीय वीजा आवेदन केंद्र अगली सूचना तक बंद रहेंगे. ऑनलाइन पोर्टल पर जानकारी दी गई है कि अगली आवेदन की तारीख एसएमएस के जरिए सूचित की जाएगी और अनुरोध है कि अगले कार्य दिवस पर पासपोर्ट ले लें.
इससे पहले बुधवार को भारत ने बांग्लादेश में अस्थिर स्थिति के बीच अपने उच्चायोग और वाणिज्य दूतावासों से गैर-जरूरी कर्मचारियों और उनके परिवारों को निकाल लिया था. भारतीय मीडिया ने सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया कि भारतीय राजनयिक देश में ही बने हुए हैं और मिशन काम कर रहे हैं.
बांग्लादेश की राजधानी ढाका में भारत का दूतावास है और चटगांव, राजशाही, खुलना और सिलहट में वाणिज्य दूतावास हैं.
बांग्लादेश में शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों के कारण 76 साल की नेता को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर भारत भागना पड़ा और फिलहाल वह भारत में ही मौजूद हैं और दूसरे देश में शरण लेने पर विचार कर रही हैं.

**बांग्लादेश के बदलते हालात में भारत के लिए क्या विकल्प हैं**

**मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार**

बांग्लादेश के अखबार ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक नोबेल शांति पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री मोहम्मद यूनुस के गुरुवार को बांग्लादेश लौटने की उम्मीद है. बांग्लादेश में सेना द्वारा समर्थित एक अंतरिम सरकार के गठन की प्रक्रिया जारी है और यूनुस कार्यवाहक सरकार का नेतृत्व करेंगे.
देश के सेना प्रमुख जनरल वाकर उज जमान ने बुधवार को कहा कि अंतरिम सरकार गुरुवार को स्थानीय समय के अनुसार रात 8 बजे शपथ लेगी. सलाहकार परिषद में 15 सदस्य हो सकते हैं. सेना प्रमुख ने मीडिया से बात करते हुए दावा किया कि देश की स्थिति में काफी सुधार हो रहा है और अगले तीन चार दिनों में स्थिति सामान्य हो जाएगी.
साथ ही सेना प्रमुख ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में हुई हिंसा में शामिल लोगों को "बख्शा नहीं जाएगा" और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी.
बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने 5 अगस्त को प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे के बाद 6 अगस्त को संसद भंग कर दी थी.

**यूनुस ने शांति की अपील की**

बुधवार को फ्रांस की राजधानी पेरिस से ढाका के लिए रवाना होते हुए 84 साल के यूनुस ने शीर्ष पद के लिए उनका नाम आगे करने वाले छात्र आंदोलन के समन्वयकों को "बहादुर छात्र" कहते हुए बधाई दी. उन्होंने सभी से शांति कायम करने और हर प्रकार की हिंसा से बचने की अपील की है. यूनुस ने कहा, "हिंसा हमारी दुश्मन है. कृपया और दुश्मन न बनाएं. शांत रहें और देश के निर्माण के लिए तैयार हो जाएं."
2006 के नोबेल शांति पुरस्कार विजेता यूनुस ने पत्रकारों से कहा, "मैं घर वापस जाने और यह देखने के लिए उत्सुक हूं कि वहां क्या हो रहा है, और हम किस तरह से खुद को इस मुसीबत से बाहर निकालने के लिए एकजुट हो सकते हैं जिसमें हम फंसे हुए हैं."
जब उनसे पूछा गया कि देश में चुनाव कब होंगे, तो उन्होंने अपने हाथ ऊपर उठाए, मानो यह संकेत दे रहे हों कि अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी. उन्होंने कहा, "मैं जाकर उनसे बात करूंगा. मैं अभी इस पूरे क्षेत्र में नया हूं."

# ब्रिटेन में हिंसा, नस्लवाद के विरोध में सड़कों पर उतरे प्रदर्शनकारी

**लंदन।** ब्रिटेन में बीते कई दिनों से हिंसा हो रही है। अप्रवासियों को निशाना बनाया जा रहा है। इस बीच ब्रिटेन के कई शहरों और कस्बों में हजारों की संख्या में नस्लवाद विरोधी प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए हैं।
समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार रात 11 बजे तक दक्षिणपंथी समूहों के 100 से ज्यादा प्रदर्शन होने वाले थे। उनकी यह योजना विफल हो गई, क्योंकि पुलिस ने सख्ती से व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्रवाई की थी। इसके बाद बड़ी संख्या में एंटी-रेसिज्म (नस्लवाद-विरोधी) प्रदर्शनकारियों ने लंदन, ब्रिस्टल, ब्राइटन, बर्मिंघम, लिवरपूल, हेस्टिंग्स और वॉल्थमस्टो जैसे शहरों और कस्बों की सड़कों पर उमड़ पड़े। नस्लवाद विरोधी प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां थाम रखी थीं जिन पर लिखा था, 'फासीवाद और नस्लवाद को खत्म करो', 'शरणार्थियों का स्वागत है। दक्षिणपंथ को रोकें' और नफरत नहीं, प्यार करें'। ब्राइटन में बहुत कम संख्या में दक्षिणपंथी प्रदर्शनकारी आए लेकिन देखते ही देखते उनकी तुलना में भारी संख्या में नस्लवाद विरोधी विशाल भीड़ वहां पहुंच गई। यह ब्रिटेन के लिए राहत की बात है। कई दिनों से देश में मुसलमानों और आम तौर पर अप्रवासी आबादी को निशाना बनाकर दक्षिणपंथी विरोध प्रदर्शन चल रहे थे, जिस कारण पुलिस अधिकारी घायल हो गए, दुकानों को लूट लिया गया और शरणार्थियों के होटलों पर हमला किया गया था।
इंटरनेट पर गलत जानकारी के हिंसा भड़की थी। जिसमें दावा किया गया था कि जुलाई के अंत में उत्तर-पश्चिमी इंग्लैंड के साउथपोर्ट में तीन बच्चों की हत्या करने वाला संदिग्ध एक मुस्लिम अप्रवासी था। यह संदिग्ध 17 वर्षीय एक्सल रुदाकुबाना था। इस पर हत्या का आरोप लगाया गया था।
उपद्रव के बाद 100 से ज्यादा दंगाइयों पर आरोप लगाए गए हैं और उनके मामलों को अदालती प्रक्रिया में तेजी से निपटाया गया है। बुधवार को तीन लोगों को जेल भेजा गया, जिनमें से एक को तीन साल की सजा सुनाई गई।

## पोप फ्रांसिस के कार्यक्रम में पेटा समर्थकों ने किया प्रदर्शन




**वेटिकन सिटी।** वेटिकन में पोप फ्रांसिस की आम सभा में पहुंचे पेटा के दो समर्थकों प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराया। पशु अधिकारों की हिमायत करने वाली संस्था पीपल्स फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (पेटा) के दो कार्यकर्ता बुधवार को वेटिकन में पोप फ्रांसिस के कार्यक्रम में पहुंचकर बाधा डालने का प्रयास किया।
पेटा कार्यकर्ता बुलफाइटिंग के खिलाफ नारे लगाए और बैनर दिखाते हुए शोर मचाते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। हालांकि उनको परिसर से बाहर कर दिया गया।
दोनों ने ह्यस्टॉप ब्लेसिंग कोरिडासह्ल (बुलफाइटिंग को बढ़ावा बंद करें) लिखी हुई टी-शर्ट पहन रखी थी और ह्यबुलफाइटिंग इज अ सिनह्ल (बुलफाइटिंग पाप है) लिखे हुए बैनर पकड़े हुए थे। ह्यपेटाह्ल पोप से अनुरोध कर रही है कि वे ह्यकैथोलिक चर्चह्ल का ह्यबुलफाइटिंगह्ल से संबंध समाप्त कर दें तथा इस ह्लघृणित रक्त खेलह्व की निंदा करें। वेटिकन ने बुधवार के विरोध प्रदर्शन पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की।
ग्रेट बैरियर रीफ के कोरल के लिए 400 सालों का सबसे बुरा दशक
ऑस्ट्रेलिया के ग्रेट बैरियर रीफ के लिए बीता दशक पिछले 400 सालों में सबसे बुरा साबित हुआ है. बढ़ता तापमान उसके लिए बड़ा संकट बन कर सामने आया है

## ग्रेट बैरियर रीफ के कोरल के लिए 400 सालों का सबसे बुरा दशक



ऑस्ट्रेलिया के ग्रेट बैरियर रीफ के लिए बीता दशक पिछले 400 सालों में सबसे बुरा साबित हुआ है. बढ़ता तापमान उसके लिए बड़ा संकट बन कर सामने आया है.
ग्रेट बैरियर रीफ के शानदार कोरल सिस्टम के आसपास समुद्र का तापमान 1960 के दशक से ही हर साल बढ़ता आ रहा है. साइंस जर्नल नेचर में छपी एक नई रिसर्च रिपोर्ट के मुताबिक हाल के वर्षों में कोरल ब्लीचिंग की घटनाएं जिस स्तर पर दिखी हैं उनके पीछे पानी का बहुत गर्म होना वजह है. रिपोर्ट में कहा गया है कि पानी की गर्मी बढ़ने के पीछे इंसानी गतिविधियों से प्रेरित जलवायु परिवर्तन है.
रिसर्च रिपोर्ट की सह लेखिका हेलेन मैकग्रेगर का कहना है कि वह रीफ को लेकर अत्यधिक चिंतित हैं, उन्होंने तापमान में बढ़ोत्तरी को "अभूतपूर्व" बताया है. मैकग्रेगर ने समाचार एजेंसी एएफपी से कहा, "ये कोरल यहां 400 सालों से हैं और इस वक्त जो वो झेल रहे हैं वह सबसे गर्म तापमान है."

**सबसे बड़ी जीवित संरचना**

द ग्रेट बैरियर रीफ को दुनिया की सबसे बड़ी जीवित संरचना कहा जाता है. इसका विस्तार 2,300 किलोमीटर में है. इसमें जैव विविधता की अनोखी दुनिया बसी हैं, जिसमें 600 से ज्यादा प्रकार के कोरल और 1,625 किस्म की मछलियां हैं. हालांकि लगातार मास ब्लीचिंग की घटनाओं की वजह से रीफ का नाजुक इकोसिस्टम खतरे में पड़ गया है. अत्यधिक तापमान कोरल के पोषण और रंग को नुकसान पहुंचाता है. इसे ही ब्लीचिंग कहा जाता है. कोरल की ब्लीचिंग तब होती है जब पानी का तापमान एक डिग्री सेल्सियस से ज्यादा बढ़ जाता है.

**कोरल रीफ को जलवायु के अनुकूल बनाने की कोशिश**

ऑस्ट्रेलियाई रिसर्चरों ने कोरल सी में सतह के तापमान का परीक्षण किया है. कोरल सी सागर के उत्तर पूर्वी तट का 2000 किलोमीटर में फैला इलाका है जिसमें ग्रेट बैरियर रीफ भी शामिल है. वैज्ञानिकों ने कोरल के नमूने ले कर समुद्र के सतह पर 1618 से 1995 तक के तापमान की संरचना बनाई है. इसमें हाल के आंकड़ों को भी शामिल किया गया है.
उन्होंने देखा कि साल 1900 के पहले तापमान तुलनात्मक रूप से स्थिर था लेकिन 1960 से ले कर अब तक समुद्र का तापमान औसत रूप से 0.12 डिग्री सेल्सियस बढ़ा है. यह तापमान बीते सालों में जो पांच मास ब्लीचिंग की घटनाओं के दौरान और ज्यादा ऊंचे थे.

**खतरे में हैं कोरल**

मैकग्रेगर का कहना है कि भले ही कोरल इस स्थिति से उबर सकते हैं लेकिन बढ़ता तापमान और बार बार ब्लीचिंग की घटनाएं उनकी क्षमता को प्रभावित कर रहे हैं. उन्होंने बताया, "अब तक जो हमने देखा है उससे लग रहा है कि ये बदलाव इतनी तेजी से हो रहे हैं कि कोरल इनके हिसाब से खुद को तैयार नहीं कर पा रहे हैं और इससे रीफ को खतरा है."

**रीफ बचाने की ऑस्ट्रेलियाई योजना पर सवाल**

इस साल की ब्लीचिंग ने करीब 81 फीसदी रीफ को अत्यधिक या फिर ऊंचे स्तर का नुकसान पहुंचाया है. सरकार की तरफ से जारी आंकड़े दिखा रहे हैं कि वे अब तक के सबसे विस्तृत और गंभीर नुकसान हैं. वैज्ञानिकों को अभी कुछ और महीने ये पता लगाने में लगेंगे कि रीफ का कितना हिस्सा है जो रिकवर नहीं हो पाएगा.
दुनिया भर की सरकारें ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को घटाने की कोशिशों में जुटी हैं. इसके साथ ही रीफ को इस स्थिति का सामना करने के लिए तैयार करने और खतरों को घटाने पर भी काम हो रहा है. ऑस्ट्रेलिया ने पानी की गुणवत्ता सुधारने, जलवायु परिवर्तन के असर को घटाने और खतरे से जूझ रही प्रजातियों को बचाने पर करीब 5 अरब ऑस्ट्रेलियाई डॉलर खर्च किए हैं. हालांकि यह भी सच है कि ऑस्ट्रेलिया दुनिया में गैस और कोयले के सबसे बड़े निर्यातकों में से एक है. उसने हाल ही में कार्बन न्यूट्रल बनने का लक्ष्य तय किया है.

## बांग्लादेश में फंसे अपने नागरिकों को लेकर अमेरिका चिंतित, दूतावास ने जारी की एडवाइजरी

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में हर दिन बदलते परिदृश्य के बीच राजधानी ढाका स्थित अमेरिकी दूतावास ने अपने नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने की हिदायत दी है।
अमेरिकी दूतावास ने जारी एडवाइजरी में कहा, "वर्तमान स्थिति की अप्रत्याशित और अस्थिर प्रकृति, कानून प्रवर्तन की कमी और बढ़ती हिंसा की संभावना के कारण, अमेरिकी नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर शरण लेनी चाहिए। इसके साथ ही अमेरिका लौटने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।"